उज्जैन
रविवार
08
फरवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-97
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



आलिया भट्ट और राजकुमार राव की पहली बार बनेगी जोड़ी हाउसवाइफ में साथ आ सकते हैं नजर, इसी साल शुरू होगी शूटिंग



# मिनी लैब उपकरण से मिट्टी की पूरी पड़ताल

ब्रह्मास्त्र ›› पं. राहुल शुक्ल.उज्जैन

आधुनिक तकनीक के इस युग में किसानों के लिए विज्ञान ने कई सौगात दी हैं जिनमे से एक प्रमुख सौगात है- मिनी लैब। एक छोटा सा उपकरण जो मिट्टी की गुणवत्ता को परखकर, कुछ ही समय मे परिणाम पेश कर देता है। ये विशेष उपकरण मिट्टी के सैंपल की जांच कर उसमें मौजूद विभिन्न पोषक तत्व व मिट्टी का पी एच मान तक बता देता है। शहर की मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में वैसे तो कृषि क्षेत्र की मिट्टी का सूक्ष्म परीक्षण, अलग अलग ढंग से केमिस्ट करते हैं किन्तु समय बचाने के उद्देश्य से एक छोटा उपकरण जिसे मिनी लैब कहते हैं, सभी आंकड़े प्रस्तुत कर देता है।

**पी एच मान व विभिन्न तत्व बता देता है उपकरण**





**उपयोग जानकारी जो देता है मिनी लैब–** मिट्टी के चौदह पेरामीटर्स की जानकारी देता है मिनी लैब जैसे नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटेशियम, आर्गेनिक कार्बन, कॉपर, सल्फर, बोरोन, जिंक,आयरन, मैंगनीज, पीएच मान आदि। इसमे इनबिल्ड थर्मल प्रिंटर होता है और ये एक डिजीटल उपकरण है। मिट्टी के नमूने की जांच कर ये थोड़े समय बाद आंकड़े प्रस्तुत कर देता है।

**जिंक की कमी वाली मिट्टी की फसल–** जिंक की कमी होने पर इन फसल की अनुशंसा कृषि वैज्ञानिक करते हैं : हल्का अनाज ओट्स, लहसुन, सूरजमुखी,गेंहू की उन्नत प्रजाति पूसा तेजस, बारी गोम- 26, बारी गोम- 28, जिंकोल- 16।

## क्षेत्र की मिट्टी में जिंक व आयरन की कमी

मालवा की काली मिट्टी वैसे तो बहुत ही उपजाऊ रही है और इस मिट्टी की जल धारण क्षमता भी अच्छी बनी हुई है फिर भी समय के साथ कुछ पोषक तत्वों की कमी बनी हुई है। हमारे क्षेत्र की मिट्टी में कार्बनिक तत्व, जिंक व आयरन जे की कमी है। मालवा की मिट्टी के विभिन्न सैंपल की जांच व विश्लेषण करने पर निम्न लिखित तत्वों की कमी देखी गई है :

| तत्व का नाम | कमी (% मे ) |
|---|---|
| 1 जिंक | 40 से 50%% |
| 2 आयरन | 40 से 45% % |
| 3 बोरोन | 15 से 20%% |
| 4 कॉपर | 1% % |
| 5 मैंगनीज | 1% % |

मालवा के कुछ क्षेत्रों में काली मिट्टी में वाटर लोगिंग (पानी रुकता) होता है। पानी के ठहराव से आयरन की कमी बढ़ जाती है।

## मृदापरीक्षण प्रयोगशाला में सुविधा

हमारे शहर में कोठी पैलेस के पास शासकीय मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में किसानों के लिए मिट्टी की जांच सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है। प्रयोगशाला के कुशल कार्यकर्ता एक विशेष पद्धति से कृषि क्षेत्र के नमूने एकत्र करते हैं फिर प्रयोगशाला में कैमिस्ट उस मिट्टी के सैंपल की जांच बारीकी से करते हैं। यहां डिजीटल मिनी लैब मशीन भी है जो आई सीए आर द्वारा प्रमाणित मशीन है। इसमें बारह से चौदह पेरामीटर्स पर मिट्टी की जांच होती है। प्रयोगशाला में फ्लेमिंग फोटोमीटर है जो पोटाश की गणना करता है। एटॉमिक एबसार्बशन स्पेक्ट्रो–फोटोमीटर है जो मिट्टी में जिंक, कॉपर, आयरन व मैंगनीज की गणना करता है। इलेक्ट्रिकल कंडक्टिविटी व पीएच मान निकालने के आधुनिक उपकरण भी हैं। मालवा की मिट्टी मे मुख्यतः जिंक व आयरन की कमी है। मिट्टी का पी एच मान लगभग 8 के करीब है जो थोड़ा क्षारीय है, पर मिट्टी अच्छी उपजाऊ है जिसमें सोयाबीन, गेहूं, चना, ओट्स, सब्जी आदि का अच्छा उत्पादन होता है।

**चन्द्रप्रकाश पाटीदार, सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी, उज्जैन।**

## मोदी बोले- आतंकवाद पर कोई समझौता नहीं

ब्रह्मास्त्र ›› कुआलालंपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मलेशिया दौरे का आज दूसरा दिन है। पीएम मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के बीच आज द्विपक्षीय बातचीत हुई। पीएम मोदी ने आतंकवाद पर अपना रुख कड़ा किया। उन्होंने कहा, भारत और मलेशिया आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करेंगे और सहयोग मजबूत करेंगे।

पीएम मोदी ने प्रेस ब्रीफिंग के दौरान तमिल भाषा की अहमियत पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि तमिल भाषा के प्रति साझा प्रेम भारत और मलेशिया को जोड़ता है। मोदी ने ऑडियो-विजुअल समझौते का जिक्र करते हुए कहा, 'मुझे पूरा विश्वास है कि आज हुए ऑडियो-विजुअल समझौते के साथ फिल्में और संगीत, खासकर तमिल फिल्में, हमारे दिलों को और करीब लाएंगी।

## राजस्थान समेत 5 राज्यों में सुबह-शाम की सर्दी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

मौसम विभाग ने देश के किसी भी राज्य में रविवार के लिए कोई अलर्ट जारी नहीं किया है। हालांकि जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल में हुई बर्फबारी के कारण उत्तर भारत के सभी राज्यों में अभी भी सर्दी का असर है। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और चंडीगढ़ में सुबह और शाम सर्दी हो रही है।

## बिल्डिंग गिरी, स्टूडेंट समेत 2 की मौत, 13 घायल

ब्रह्मास्त्र ›› कोटा

राजस्थान के कोटा में शनिवार रात करीब 9 बजे एक 3 मंजिला बिल्डिंग ढह गई। मलबे में स्टूडेंट्स समेत कई लोग दब गए। हादसे में एक कोचिंग स्टूडेंट समेत 2 लोगों की की मौत हो गई, जबकि 8 घायल हॉस्पिटल में भर्ती है। 5 घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

तलवंडी में इमारत गिरने की सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। हालात यह थे कि मलबे में दबे लोग चीख रहे थे, हमें बचा लो। किसी का हाथ बाहर दिख रहा था तो किसी का पैर। एसडीआरएफ की टीम देर रात तक मलबे में दबे लोगों को निकालने में जुटी रही। रेस्क्यू के दौरान बचाव दल का एक कर्मचारी भी घायल हो गया। मृतक कोचिंग स्टूडेंट की पहचान पश्चिम बंगाल निवासी आर्यन (20) के रूप में हुई है।

# निर्धारित डेडलाइन में पूरी नहीं हो पाई एकल नल जल योजनाएं

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में भी एकल नल जल योजनाएं निर्धारित डेडलाइन में पूरी नहीं हो पाई हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग ने एकल नल जल योजनाओं का काम पूरा करने की समय सीमा 31 दिसंबर, 2025 निर्धारित की थी। काम पूरा नहीं होने से अब इसकी नई अवधि बढ़ाकर 31 मार्च, 2026 तय की गई है। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक प्रदेश में एकल नल जल योजनाओं का काम 95 प्रतिशत पूरा हो गया है। फरवरी और मार्च में शेष 5 प्रतिशत काम पूरा करने की चुनौती लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सामने है।

पीएचई विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उज्जैन संभाग के सभी 7 जिलों को हर घर जल प्रमाणित घोषित करने की तैयारियां पूरी हो गई हैं। इन जिलों में उज्जैन, देवास, रतलाम, आगर मालवा, शाजापुर, मंदसौर और नीमच शामिल हैं। सीएम डॉ. मोहन यादव की



हरी झंडी मिलते ही इन जिलों को हर घर जल प्रमाणित जिला घोषित कर दिया जाएगा।

गौरतलब है कि देशभर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर तक व्यक्तिगत नल कनेक्शन पहुंचाने का लक्ष्य समय पर पूरा नहीं हो पाया है, जिसके कारण 2024 की मूल समय सीमा को बढ़ाकर अब दिसंबर 2028 कर दिया गया है। देश के कई राज्यों में ग्रामीण क्षेत्रों में नल लग गए हैं, लेकिन पानी की आपूर्ति अभी भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है, जिससे यह महत्वाकांक्षी योजना कई जगहों पर पिछड़ती दिख रही है। मप्र में जल जीवन मिशन के तहत 51 हजार से ज्यादा गांवों में नल से जल की सप्लाई की जानी है।

- इन गांवों में घरों की संख्या करीब एक करोड़ 12 लाख है। जल जीवन मिशन में दो तरह की योजनाओं (एकल नल जल और समूह नल जल) पर काम चल रहा है। प्रदेश में एकल नल जल योजनाओं की संख्या 28 हजार से ज्यादा है, जबकि समूह नल जल योजनाओं की कुल संख्या 147 है। समूह नल जल योजनाओं का करीब 67 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। जल स्त्रोत उपलब्ध नहीं होने के कारण समूह नल जल योजनाओं के काम में देरी हो रही है।
- अधिकारियों का कहना है कि पूर्व में जल जीवन मिशन के काम में अलग–अलग तरह की बाधाएं सामने आ रही थीं। कहीं राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण काम प्रभावित हुआ, तो कहीं स्थानीय लोगों ने काम में रुकावट डाली। इसके अलावा कई स्थानों पर ठेकेदारों की लापरवाही से भी काम में देरी हुई। चीजों में सुधार करने के बाद काम की गति बढ़ गई है। पहले से ही समूह नल जल योजनाओं का काम पूरा करने की डेडलाइन मार्च, 2027 निर्धारित है। प्रदेश में जल जीवन मिशन पर 81 हजार करोड़ से ज्यादा राशि खर्च होगी।




## ट्रम्प ने रूस-यूक्रेन को डेडलाइन दी, कहा- जून तक समझौता करो

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए जून तक की डेडलाइन दी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अमेरिका दोनों पक्षों पर दबाव डालकर इस समय सीमा तक समझौता करवाना चाहता है। जेलेंस्की के अनुसार, अगर समय पर समझौता नहीं हुआ तो वे दोनों देशों पर और अधिक दबाव डालेंगे। इसका नतीजा बुरा हो सकता है। ट्रम्प प्रशासन इस मामले में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। जेलेंस्की ने बताया कि अमेरिका ने अगले दौर की त्रिपक्षीय बातचीत को पहली बार अमेरिका में आयोजित करने का सुझाव दिया है।



## गुजरात में स्टूडेंट ने महिला टीचर को थप्पड़ मारा

**अहमदाबाद।** गुजरात के पंचमहल जिले में 12वीं के एक छात्र ने महिला टीचर को क्लासरूम में थप्पड़ मार दिया। घटना 24 जनवरी को शेरा कस्बे के एस.जे. डेव हाई स्कूल में हुई। मामले का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद विवाद बढ़ा और 3 फरवरी को एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस के मुताबिक, छात्र 12वीं की दूसरी प्रीलिम परीक्षा के लिए देर से पहुंचा था। महिला इन्विजिलेटर ने जब उससे देरी की वजह पूछी, तो छात्र भड़क गया। उसने कहा, घर में मुझसे कोई कुछ नहीं पूछता, आप कौन होती हैं सवाल करने वाली। सीसीटीवी फुटेज में दिखा कि क्लासरूम में स्टूडेंट्स परीक्षा दे रहे थे। सभी आरोपी छात्र आया। गेट पर टीचर से उसकी बहस हुई। इसके बाद उसने महिला टीचर के गाल पर थप्पड़ मारा और जोर से धक्का दे दिया।

## उत्तर कोरिया में पड़ोसी देश के टीवी शो देखने पर फांसी की सजा

**नईदिल्ली।** उत्तर कोरिया में लोगों को दक्षिण कोरियाई टीवी शो देखने या के-पॉप सुनने पर फांसी की सजा दी जा रही है और लेबर कैंप में भेजा जा रहा है। इसमें स्कूल के बच्चे भी शामिल हैं। यह जानकारी एमनेस्टी इंटरनेशनल ने अपनी एक रिपोर्ट में दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर कोरिया से भागकर आए लोगों ने बताया कि क्रैश लैंडिंग ऑन यू, डिसेंडेंट्स ऑफ द सन और स्क्विड गेम जैसे लोकप्रिय दक्षिण कोरियाई ड्रामा देखने या के-पॉप सुनने पर मौत तक की सजा हो सकती है। जिन लोगों के पास पैसा या अच्छे संपर्क नहीं होते, उन्हें सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ता है।



## भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधान पर सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**नई दिल्ली।** आपराधिक न्याय प्रणाली से जुड़े एक महत्वपूर्ण कानूनी विवाद ने देश का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के एक प्रावधान को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है, जिसमें बैठते हुए या सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों को अभियोजन विभाग में शीर्ष पदों पर नियुक्त करने की अनुमति दी गई है। याचिकाकर्ता का दावा है कि यह प्रावधान संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता है और न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कमजोर करता है। इस मामले को लेकर कानूनी और संवैधानिक हलकों में व्यापक बहस शुरू हो गई है। यह जनहित याचिका वरिष्ठ आपराधिक वकील पीएस सुबेश द्वारा दायर की गई है, जिन्होंने दो दशक से अधिक समय तक आपराधिक मामलों की पैरवी की है। उन्होंने यह याचिका अधिवक्ता एमएस सुविदत्त के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की है।

## खबर एक नजर...

### मक्सी आउटर के पास से हिरासत में आया मोबाइल चोर

**उज्जैन।** जीआरपी ने मक्सी आउटर के पास से संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया और पूछताछ कर तलाशी ली तो उसके पास से 2 मोबाइल बरामद हुये। मोबाइल संबंधित जानकारी लेने पर दोनों मोबाइल चोरी के सामने आये है। थाने लाकर सख्ती की गई तो उसने एक मोबाइल इंदौर-भोपाल ट्रेन से चोरी करना कबूल किया। जीआरपी ने उक्त मोबाइल का पता लगाया तो सामने आया कि कुछ दिन पहले झांसी के रहने वाले योगेश गौतम ने उक्त मोबाइल चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। एसआई बीएल कुशवाह ने बताया कि दूसरे मोबाइल के संबंध में जानकारी जुटाई जा रहा है। हिरासत में आया मोबाइल चोर पिंकेश रायसेन का रहने वाला है। उससे ट्रेनों में हुई अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है और अपराधिक रिकार्ड पता किया जा रहा है।

### इंदौर में गोली चलाने वालों को मिली जमानत

**उज्जैन।** गऊघाट कालोनी में रहने वाले राज बडगुर्जर ने अपने 2 साथी राहुल मालवीय और दीपक कहार के साथ मिलकर इंदौर भूतनाथ मंदिर पार्किंग में गोली चलाकर पार्किंग संचालक विनय पाटीदार को मारने का प्रयास किया था। इंदौर पुलिस ने मामला दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। डेढ़ माह बाद तीनों आरोपियों को इंदौर न्यायालय से जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### श्री महाकालेश्वर मंदिर में शिवनवरात्रि उत्सव

**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में शिवनवरात्रि का उत्सव बड़ी धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। शनिवार को शिवनवरात्रि के दूसरे दिन श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रांगण स्थित कोटितीर्थ के तट पर सुबह 8 बजे से श्री गणेश पूजन एवं श्री कोटेश्वर महादेव का पूजन, अभिषेक व आरती संपन्न हुई। श्री महाकालेश्वर मंदिर के मुख्य पुजारी घनश्याम शर्मा के आचार्यत्व में 11 ब्राह्मणों द्वारा श्री महाकालेश्वर भगवान का अभिषेक एकादश-एकादशनी रुद्रपाठ के साथ किया गया। दोपहर तीन बजे के बाद संध्या पूजन के पश्चात भगवान श्री महाकालेश्वर का नवीन वस्त्रों से श्रृंगार किया गया। उन्हें मेखला, दुपट्टा, मुकुट, मुंड-माला, छत्र आदि से सुसज्जित किया गया। साथ ही भांग, चंदन और सूखे मेवों से दिव्य श्रृंगार कर भगवान को नारंगी की माला एवं मुंड-माला अर्पित की गई। श्री महाकालेश्वर भगवान 15 फरवरी तक प्रतिदिन सायंकाल अलग-अलग स्वरूपों में भक्तों को दर्शन देंगे।

### 10 फरवरी से 30 से अधिक ट्रेन के प्लेटफॉर्म में बदलाव

**उज्जैन।** यात्रियों की सुविधा, सुगम आवागमन और सभी प्लेटफॉर्मों के समान उपयोग को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उज्जैन रेलवे स्टेशन पर 30 से अधिक ट्रेन के प्लेटफॉर्म में परिवर्तन किया जा रहा है, जो 10 फरवरी से प्रभावी होगा। इसका मुख्य उद्देश्य प्लेटफॉर्म क्रमांक-1 पर बढ़ते यात्री दबाव को कम करना, भीड़ प्रबंधन को बेहतर बनाना और स्टेशन संचालन को अधिक व्यवस्थित एवं सुचारू बनाना है। इस प्लेटफॉर्म परिवर्तन के बाद यात्रियों को प्लेटफॉर्म तक पहुंचने में अधिक सुविधा होगी। इस बदलाव से विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, बच्चों तथा दिव्यांगों को लाभ होगा, क्योंकि अब उन्हें स्टेशन के अंतिम छोर तक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इनके प्लेटफॉर्म बदले ल इंदौर-शहीद कैप्टन तुषार महाजन सुपर फास्ट एक्सप्रेस, कामाख्या- डॉ. आंबेडकर नगर एक्सप्रेस, नागपुर-इंदौर सुपर फास्ट एक्सप्रेस और प्रयागराज-डॉ. आंबेडकर नगर एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर 6 की बजाय 5 पर आएगी। लगांधीधाम-इंदौर एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर-1 की बजाय 5 पर आएगी। लइंदौर-बिलासपुर प्लेटफॉर्म नंबर-6 की बजाय 1 पर आएगी। लइंदौर-दौंड सुपर फास्ट प्लेटफॉर्म नंबर-4 की बजाय 8 पर आएगी। लनागदा-उज्जैन पैसेंजर प्लेटफॉर्म नंबर-2 की बजाय 6 पर, उज्जैन-रतलाम मेमू प्लेटफॉर्म -5 की बजाय 2 पर और उज्जैन-इंदौर मेमू प्लेटफॉर्म -5 की बजाय 8 पर आएगी। इनके सहित 25 अन्य ट्रेनों के भी प्लेटफॉर्म बदले हैं।

# निगम ने मजार के पीछे अतिक्रमण हटाया

## तीन थानों के टीआई सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा, शेड और बाउंड्री को तोड़ा





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन नगर निगम की टीम ने शनिवार सुबह नजरअली मिल कम्पाउंड परिसर में स्थित 150 साल पुरानी पांच पीर वाली गेब शाह बाबा की दर्गा और मजार के आसपास अवैध अतिक्रमण हटाया। कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल और निगम के अमले की मौजूदगी रही। नगर निगम की रिमूवल टीम ने मजार के पास बनाए गए शेड और बाउंड्री वॉल को तोड़कर वर्षों से चल रहे अतिक्रमण को साफ किया।

उज्जैन के नजर अली मिल कम्पाउंड में स्थित वर्षों मजार के पास किए गए अतिक्रमण को लेकर नगर निगम और संबंधित कमेटी को कई बार नोटिस दिए गए थे। शनिवार तड़के निगम का भारी अमला तैनात किया गया और सुबह करीब 8:30 बजे कार्यवाही शुरू हुई। इसमें मजार की बाउंड्री समेत अन्य अवैध निमार्णों को तोड़ा गया।

सीएसपी राहुल देशमुख ने बताया कि इस दौरान तीन थानों के टीआई सहित 50 से अधिक पुलिसकर्मी मौजूद रहे। कार्रवाई में तीन जेसीबी, कटर और नगर निगम की अन्य मशीनरी का उपयोग किया गया। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने के दौरान कोई विरोध नहीं हुआ और पहले से नोटिस देने के बाद ही यह कार्रवाई की गई। कार्यवाही में करीब एक दर्जन पेड़ काटने पड़े, साथ ही बाहर बने शेड और बाउंड्री को भी नगर निगम की टीम ने तोड़ दिया।

**रमजान आने वाला है, किस तरह हम लोग इबादत करेंगे-** कमेटी के मोहम्मद गुफरान ने बताया कि पांच पीर वाली गेबशाह बाबा के नाम से मशहूर मजार है जो करीब 150 साल पुरानी है। सभी धर्म के लोग यहां आते है। उनकी मुराद पूरी होती है। तार फेंसिंग नगर निगम ने करके दी थी अब खुद ही तोड़ रहे है। कमेटी के लोगों ने इसका जवाब भी दे दिया था। रमजान आने वाला है। किस तरह से हम लोग इबादत करेंगे।

**मजार हटाने की मांग-**हिन्दू जागरण मंच के संयोजक रितेश माहेश्वरी ने बताया कि पूरी मजार को कुछ वर्षो पहले ही अवेध रूप से अतिक्रमण कर बनाया गया है इसका प्राचीन कोई अस्तित्व नहीं है हमने कई बार इसको हटाने की मांग की है प्रशासन पूरी मजार को जल्द हटाए।

# ट्रॉलियों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सुरक्षा की दृष्टि से और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से शनिवार को कृषि उपज मंडी में आने वाली 0000 ट्रॉलियों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए गए। मंडी प्रशासन और यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से जागरूकता के लिए इस पहल के साथ कदम उठाया।

कुछ दिनों पहले कलेक्टर रौशनकुमार सिंह ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली थी। इसमें उन्होंने इस संबंध में निर्देश दिए थे। अक्सर ट्रॉली के पीछे लाइट नहीं लगी होने के कारण वाहन चालकों को आगे जा रही ट्रॉली का पता नहीं चलता और दुर्घटना हो जाती है। लिहाजा रेडियम रिफ्लेक्टर लगे होने से इस प्रकार की दुर्घटनाएं नहीं होगी। अधिकारियों ने रिफ्लेक्टर लगाने के सा?थ ही किसानों को ट्रैक्टर, ट्रॉली सड़क के किनारे खड़ी करने के सुरक्षात्मक उपाय भी बताए। यह भी भरोसा दिलाया कि रेडियम रिफ्लेक्टर लगाने की यह प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी। इस दौरान मंडी सचिव राजेश गोयल, उप पुलिस अधीक्षक यातायात विक्रम सिंह, जितेंद्र अग्रवाल, हजारीलाल मालवीय आदि ने सुरक्षा की दृष्टि से किसानों से रेडियम रिफ्लेक्टर लगवाने का आग्रह किया है। 3 साल में 7 दुर्घटनाओं में 6 लोगों की हुई मौत कृषि मंडी चिमनगंज थाना क्षेत्र में आती है। थाने का रिकॉर्ड बताता है कि तीन साल में इस थाना क्षेत्र में सर्वाधिक 7 दुर्घटनाओं में 6 लोगों की मौत हुई हैं। इनमें से कुछ ट्रैक्टर ट्रॉलियों से जुड़े हादसे भी थे। अधिकांश हादसे आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के समीप हुए हैं। ये हादसे 2022 से 2024 के बीच के हैं। पुलिस का मानना है कि मार्ग पर स्ट्रीट लाइट के बंद रहने की स्थिति में जब वाहन अंधेरे में आवागमन करते हैं और वाहनों की लाइट भी बंद रहती है तो दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है।

# किसान नेता राकेश टिकैत महाकाल दर्शन करने पहुंचे

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय किसान नेता राकेश टिकैत शनिवार को उज्जैन पहुंचे। उन्होंने बाबा महाकाल के दर्शन किए और सरकार से एमएसपी गारंटी कानून लागू करने की मांग की।

इस अवसर पर भाकियू की जिला इकाई ने उनका पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। जिला अध्यक्ष भगवान सिंह राजपूत और अन्य पदाधिकारियों ने टिकैत से संगठन विस्तार तथा किसान हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। महाकाल दर्शन के बाद मीडिया से बात करते हुए राकेश टिकैत ने कहा कि बाबा महाकाल सभी के लिए आस्था का केंद्र हैं। उन्होंने देश में सुख-शांति और समय पर वर्षा की कामना की। किसानों के मुद्दों पर उन्होंने जोर दिया कि पूरे देश में एमएसपी गारंटी कानून लागू होना चाहिए, ताकि कोई भी फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम पर न बिके।

# उज्जैन रेलवे स्टेशन से जनता खाना नदारद

## निरीक्षण के समय दिखता है, बाकि समय यात्रियों को मिलता है सिर्फ महंगा भोजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

भारतीय रेलवे द्वारा साधारण एवं मध्यम वर्ग के यात्रियों को सस्ता और गुणवत्ता पूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई जनता खाना योजना उज्जैन रेलवे स्टेशन पर अपने उद्देश्य से भटकती नजर आ रही है।

योजना के तहत 15 रुपए में सात पूड़ी, सब्जी और अचार उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान है लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि उज्जैन स्टेशन पर यात्रियों को यह सुविधा नियमित रूप से मिल ही नहीं पा रही है।




यह जानकारी देते हुए रतलाम मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य राजेश शर्मा ने बताया कि उज्जैन स्टेशन पर यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लंबी दूरी की ट्रेनों के इंतजार में बड़ी संख्या में यात्री घंटों स्टेशन परिसर में समय बिताते हैं लेकिन उन्हें रेलवे की सबसे किफायती भोजन योजना जनता खाना नसीब नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि 15 रुपए में मिलने वाला यह भोजन न मिलने के कारण यात्रियों को मजबूरी में स्टेशन पर मौजूद महंगे खाद्य पदार्थों को खरीदना पड़ रहा है जिससे आम यात्री की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। खासकर मजदूर, छात्र, बुजुर्ग और साधारण वर्ग के यात्री सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

निरीक्षण के दौरान स्टालों पर यह तथ्य सामने आया कि ठेकेदारों की जनता खाना बनाने में रुचि बेहद कम है। कारण यह बताया गया कि जनता खाना में मुनाफा न के बराबर होने के कारण ठेकेदार केवल औपचारिकता निभाने के लिए सीमित संख्या में कुछ पैकेट तैयार कर स्टालों पर रख जाते हैं जो कुछ ही समय में खत्म हो जाते हैं इसके बाद यात्रियों को खत्म हो गया कहकर लौटा दिया जाता है। नियमों के अनुसार जनता खाना की सुविधा हर प्रमुख स्टेशन पर अनिवार्य है लेकिन उज्जैन स्टेशन पर यह सुविधा अधिकतर केवल निरीक्षण या अधिकारियों के दौरे के समय ही नजर आती है। सामान्य दिनों में जनता खाना उपलब्ध नहीं रहता या इसे छिपाकर रखा जाता है।

गौरतलब हैं कि दिनांक 21 जनवरी को रतलाम मंडल कार्यालय में आयोजित मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक में भी इस विषय की ओर रेलवे प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया था बैठक में आश्वासन तो मिला लेकिन जमीनी स्तर पर अपेक्षित सुधार अब तक देखने को नहीं मिला

**राजेश शर्मा, सदस्य, मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति (रतलाम मंडल)**

उज्जैन
रविवार
08
फरवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

यस्मिन् देशे न सम्मानो न वृत्तिर्न च बान्धवाः।
न च विद्यागमोऽप्यस्ति वासस्तत्र न कारयेत्॥

अर्थः जिस देश में सम्मान न हो, जहाँ कोई आजीविका न मिले, जहाँ अपना कोई भाई-बन्धु न रहता हो और जहाँ विद्या-अध्ययन सम्भव न हो, ऐसे स्थान पर नहीं रहना चाहिए।

## खबर एक नजर...

### इंदौर में 6.5 किमी लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर बनेगा

**इंदौर।** इंदौर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की अध्यक्षता में शनिवार को एक अहम बैठक हुई। बैठक में मेयर पुष्यमित्र भार्गव, कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल सहित इंदौर विकास प्राधिकरण और नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में इंदौर शहर में प्रस्तावित एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि एलआईजी चौराहे से नौलखा तक लगभग 6.5 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर बनाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट का काम शुरू हो चुका है और फिलहाल मिट्टी की जांच (सॉयल टेस्टिंग) की जा रही है। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा 15 फरवरी से कॉरिडोर के फाउंडेशन का काम शुरू किया जाएगा। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो और प्रोजेक्ट को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया। मेयर ने बताया कि यह एलिवेटेड कॉरिडोर लगभग 350 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया जा रहा है। यह प्रोजेक्ट पिछले चार सालों से अटका हुआ था, जिसे अब पुरानी स्वीकृत डिजाइन के अनुसार आगे बढ़ाया जा रहा है। शहरवासियों को उम्मीद है कि एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण से प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा और यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार आएगा।

### बिना रजिस्ट्रेशन जांच करना होगा गैरकानूनी

**इंदौर।** प्रेग्नेंसी के दौरान की जाने वाली सोनोग्राफी और नॉन इनवेसिव प्रीनेटल टेस्ट समेत वे सभी हाईटेक जांचें, जिनसे भ्रूण का लिंग पता चलने की आशंका है, अब पीसीपीएनडीटी एक्ट के दायरे में लाई जाएंगी। केंद्र के निर्देश के बाद मप्र में अस्पतालों, डायग्नोस्टिक लैब और आईवीएफ/एआरटी सेंटर की मैपिंग शुरू होगी। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि ऐसी सभी जांचों के लिए पीसीपीएनडीटी के तहत रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा। बिना पंजीकरण जांच करना कानूनन अपराध माना जाएगा। इसमें 10 हजार रुपए जुमार्ने और 3 साल तक की कैद का प्रावधान है। अब तक यह कानून मुख्य रूप से सोनोग्राफी जांचों पर लागू था। एनआईपीटी यानी नॉन इनवेसिव प्रीनेटल टेस्ट, गर्भवती के रक्त के सैंपल से की जाने वाली जांच है। इसमें भ्रूण के डीएनए की जानकारी मिलती है, जिससे कुछ आनुवांशिक बीमारियों का पता चलता है। लेकिन इसी प्रक्रिया से भ्रूण का लिंग सामने आने की आशंका भी रहती है।

### ऑटो और ई रिक्शा के चक्रव्यूह में फंसा ट्रैफिक

**इंदौर।** जवाहर मार्ग पर शनिवार को लंबे समय तक जाम लगा रहा। दरअसल, बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरे ऑटो, ई रिक्शा कहीं पर भी रुककर सवारी बैठाने और उतारने लगते हैं। इससे ट्रैफिक फंसने लगता है। ई रिक्शा की इसी समस्या को देखते हुए शहर को 7 सेक्टर में बांटकर ई रिक्शा के रूट तय किए गए थे। जनवरी 2026 में यह योजना बनाई गई थी, लेकिन अब तक इसे लागू नहीं कर सके हैं। प्रत्येक सेक्टर को अलग-अलग रंग-कोडिंग और स्टिकर/पहचान दी जाएगी, ताकि यह पता चले कि किस ई-रिक्शा को किस सेक्टर में चलने की अनुमति है। साथ ही ई-रिक्शा स्टैंड भी चिन्हित किए जाएंगे और वैध दस्तावेज के आधार पर रजिस्ट्रेशन, सीरियल नंबर, रंग कोड आदि दिए जाएंगे। अभी तक सेक्टर-वाइज संचालन के लिए रजिस्ट्रेशन जारी है। लगभग 3,000+ ई-रिक्शाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

### राजवाड़ा ट्रैफिक सुधार के लिए डीसीपी ने बैठक की:ट्रैफिक पुलिस, निगम अधिकारियों के साथ बैठे व्यापारी

# मार्किंग के बाहर खड़ी गाड़ियों पर होगी कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में राजवाड़ा की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर शनिवार रात डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने व्यापारियों, ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम के अधिकारियों के साथ चर्चा की।

राजवाड़ा क्षेत्र में बेहतर ट्रैफिक और पार्किंग व्यवस्था के लिए पुलिस और निगम अधिकारियों ने सराफा एसोसिएशन, शीतलामाता बाजार, बर्तन बाजार, कपड़ा बाजार, सीतलामाता बाजार, आड़ा बाजार, खजूरी बाजार, पुस्तक व्यापारी संघ, रहवासी संघ आदि के पदाधिकारियों और व्यापारियों से मुलाकात की। इस दौरान व्यापारियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया और सुझाव भी दिए।

बैठक में अहिल्या चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के संयुक्त सचिव एवं इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन



के अध्यक्ष अक्षय जैन ने अवैध पार्किंग, ई-रिक्शा संचालन में सक्रिय अवैध माफियाओं और फुटपाथों पर हो रहे अतिक्रमण के मामलों को सचित्र प्रमाणों के साथ अधिकारियों के सामने रखा। उन्होंने कहा कि यदि इन बुनियादी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो राजवाड़ा जैसे ऐतिहासिक और व्यावसायिक क्षेत्र की पहचान को गंभीर नुकसान पहुंचेगा। इसके बाद डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी ने व्यापारियों और अधिकारियों के साथ राजवाड़ा इलाके के मुख्य मार्गों और पार्किंग स्थलों का निरीक्षण भी किया।

**व्यापारियों के सुझावों पर डीसीपी त्रिपाठी ने बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था के लिए ये कार्रवाई के निर्देश दिए:**

- राजवाड़ा क्षेत्र में बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था के लिए व्यापारियों से निरंतर संवाद बनाए रखने हेतु एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाए, जिसमें समय-समय पर सुझाव और समस्याएं साझा की जा सकें।
- व्यापारी संगठनों के साथ यातायात पुलिस द्वारा साप्ताहिक बैठक आयोजित की जाए और किए गए कार्यों की समीक्षा की जाए।
- सवारी रिक्शा में माल ढोने वाले रिक्शाओं पर कार्रवाई की जाए।
- व्यापारियों ने भी अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग में व्यवस्थित रखने पर सहमति जताई।
- सड़क पर नो पार्किंग जोन में बेतरतीब खड़े वाहनों पर कार्रवाई की जाए।
- नगर निगम, यातायात पुलिस और थाना पुलिस संयुक्त रूप से ट्रैफिक में बाधा डाल रहे अतिक्रमण, ठेलों आदि को हटाने की कार्रवाई करें।
- दुकानों के बाहर सड़क पर बनी सफेद मार्किंग के बाहर व्यापारी या ग्राहक अपने वाहन खड़े नहीं करेंगे, अन्यथा यातायात पुलिस द्वारा क्रेन से नो पार्किंग की कार्रवाई की जाएगी।
- बैठक में एडिशनल डीसीपी नरेश कुमार अन्नोटिया, एसीपी सुप्रिया चौधरी, प्रभारी यातायात नियंत्रण कक्ष पश्चिम राधा यादव और थाना प्रभारी सराफा राजकुमार लिटोरिया भी मौजूद रहे।

# कांग्रेस नेता की 'फर्जी शादी' का कार्ड वायरल

## साइबर साजिश की आशंका, इंदौर पुलिस से शिकायत, बोले- लिंक पर क्लिक न करें

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता उस वक्त मुसीबत में पड़ गए, जब सोशल मीडिया पर उनकी अपनी ही शादी का निमंत्रण पत्र वायरल होने लगा। हद तो तब हो गई जब यह कार्ड हजारों लोगों के मोबाइल तक पहुंच गया। अब नेताजी लोगों से हाथ जोड़कर अपील कर रहे हैं ₹मेरी शादी नहीं है, प्लीज उस लिंक को न खोलें।₹

इंदौर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता सदाशिव यादव के नाम से एक डिजिटल वेडिंग कार्ड सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल किया जा रहा है। इस फर्जी कार्ड में शादी की तारीख 24 फरवरी 2026 लिखी गई है। कार्ड के साथ एक संदिग्ध लिंक भी अटैच किया गया है, जिसमें




लोगों को विशेष निमंत्रण के नाम पर क्लिक करने को कहा जा रहा है।

**यादव बोले- मेरा अकाउंट हैक हो गया-** जैसे ही सदाशिव यादव को इस फजीर्वाड़े की खबर लगी, उन्होंने तुरंत स्पष्ट किया कि उनकी कोई शादी नहीं हो रही है। यादव ने आशंका जताई है कि उनका सोशल मीडिया अकाउंट या मोबाइल डेटा हैक कर लिया गया है और यह उनकी छवि खराब करने की एक गहरी राजनीतिक साजिश हो सकती है।

**पुलिस और साइबर सेल में शिकायत दर्ज-** सदाशिव यादव ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। इंदौर साइबर सेल अब इस बात की जांच कर रही है कि यह फर्जी कार्ड कहां से जनरेट हुआ और इसके पीछे किसका हाथ है।

# इंदौर में 6.5 किमी लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर बनेगा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की अध्यक्षता में शनिवार को एक अहम बैठक हुई। बैठक में मेयर पुष्यमित्र भार्गव, कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल सहित इंदौर विकास प्राधिकरण और नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में इंदौर शहर में प्रस्तावित एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि एलआईजी चौराहे से नौलखा तक लगभग 6.5 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर बनाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट का काम शुरू हो चुका है और फिलहाल मिट्टी की जांच (सॉयल टेस्टिंग) की जा रही है। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा 15 फरवरी से कॉरिडोर के फाउंडेशन का काम शुरू किया जाएगा। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो और प्रोजेक्ट को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया।

# भारत में 100 में 5लोग गॉल ब्लैडर स्टोन से पीड़ित

## एमपीएएसआईसीओएन-2026 में एक्सपर्ट्स ने बताईं वजहें, खतरे और आधुनिक इलाज भी जानिए

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

गॉल ब्लैडर हमारे शरीर का एक छोटा लेकिन बहुत महत्वपूर्ण अंग है, जो लिवर के नीचे होता है। इसमें पथरी (स्टोन) बनने पर तेज दर्द और इंफेक्शन हो सकता है। भारत में हर 100 में से करीब 5 लोग गॉल ब्लैडर स्टोन से पीड़ित हैं, जिनमें महिलाओं की संख्या अधिक है।

यह जानकारी जयपुर से आए वरिष्ठ सर्जन डॉ. वीके कपूर ने दी। वे एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया के मध्य प्रदेश स्टेट चैप्टर और इंदौर सिटी चैप्टर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 43वीं




एमपीएएसआईसीओएन-2026 के दूसरे दिन संबोधित कर रहे थे।

डॉ. कपूर ने बताया कि किडनी स्टोन कई बार पेशाब के रास्ते अपने आप निकल जाता है, लेकिन गॉल ब्लैडर स्टोन के इलाज के लिए सर्जरी ही एकमात्र विकल्प है। पहले केवल ओपन सर्जरी की जाती थी, लेकिन अब लेप्रोस्कोपी और रोबोटिक सर्जरी जैसे आधुनिक और सुरक्षित तरीके उपलब्ध हैं। सम्मेलन में गॉल ब्लैडर सर्जरी का लाइव डेमोस्ट्रेशन भी किया गया।

उन्होंने किडनी और गॉल ब्लैडर स्टोन को लेकर फैली पुरानी मान्यताओं पर भी सवाल उठाए और कहा कि इनमें से कई बातों का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। किडनी स्टोन से बचने के लिए रोजाना पर्याप्त मात्रा में पानी पीना जरूरी है। वहीं गॉल ब्लैडर स्टोन मोटापा, ज्यादा तला-भुना खाना और महिलाओं में हार्मोनल बदलाव के कारण अधिक होता है। इसलिए संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी गई।

**एमपीएएसआईसीओएन-2026 में देशभर से एक्सपर्ट शामिल-** तीन दिवसीय एमपीएएसआईसीओएन-2026 के दूसरे दिन चार हॉल में एक साथ शैक्षणिक सत्र आयोजित किए गए। कॉन्फ्रेंस के सेक्रेटरी डॉ. अक्षय शर्मा ने बताया कि इस दिन करीब 60 लेक्चर और 80 से अधिक पोस्टर प्रेजेंटेशन हुए। सम्मेलन में रोबोटिक सर्जरी पर लाइव हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग भी कराई गई, जिससे सर्जनों को प्रैक्टिकल अनुभव मिला। कॉन्फ्रेंस के प्रेसिडेंट डॉ. राकेश शिवहरे ने कहा कि गॉल ब्लैडर सर्जरी आम जरूर है, लेकिन इसके लिए विशेषज्ञ ट्रेनिंग बहुत जरूरी है। अगर सर्जरी के दौरान लिवर और गॉल ब्लैडर को जोड़ने वाली नली (डक्ट) को नुकसान पहुंचता है तो शरीर में पित्त फैल सकता है, जिससे गंभीर स्थिति बन सकती है। इसी कारण सम्मेलन में सुरक्षित सर्जरी तकनीकों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

ब्रह्मास्त्र
उज्जैन, रविवार 8 फरवरी, 2026



## खबर एक नजर...

### 'नई पहल नई सोच' का 11वां सर्वधर्म निःशुल्क नेत्र एवं चश्मा वितरण शिविर 10 फरवरी को

**उज्जैन।** सामाजिक सरोकारों को समर्पित संस्था 'नई पहल नई सोच सामाजिक संगठन' द्वारा मानवता की सेवा में एक और कदम बढ़ाते हुए अपना 11वां सर्वधर्म आई चेक-अप एवं निःशुल्क चश्मा वितरण शिविर आयोजित किया जा रहा है।

संस्था के पदाधिकारी सैयद अबीद अली, मीर शाहिद हाशमी और आदिल एहसान ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर आगामी 10 फरवरी को आयोजित होगा। शिविर का आयोजन बियाबानी स्थित नगर निगम कम्युनिटी हॉल महालक्ष्मी अपार्टमेंट के सामने किया गया है। हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी यह विशाल शिविर सिविल अस्पताल के कुशल नेतृत्व और सहयोग से संपन्न होगा, जहाँ विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नेत्र परीक्षण किया जाएगा। इसके संयोजक शेख इलियास और एडवोकेट आजम बेग रहेंगे। शिविर को सफल बनाने और जरूरतमंदों तक इसका लाभ पहुँचाने की अपील अब्दुल रजा खान, एहताद अंसारी बादशाह, सैयद शाहनवाज अली, कर्नल आतिफ अंसारी, सैयद उबेद अली और अनवर खान आदि वरिष्ठ जनों ने की है। उक्त जानकारी संस्था के शकेब अख्तर कुरैशी ने दी।

### महाशिवरात्रि पर सर्वार्थ सिद्धि और महालक्ष्मी योग का अद्भुत संयोग

**उज्जैन।** इस वर्ष महाशिवरात्रि (15 फरवरी) पर ग्रहों का ऐसा दुर्लभ संयोग बन रहा है जो भक्तों के लिए विशेष फलदायी साबित होगा। शासकीय पुजारी एवं ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्ण शंकर व्यास ने बताया कि इस बार महाशिवरात्रि रविवार को है। चूंकि संवत्सर के राजा सूर्यदेव हैं और रविवार उनका ही दिन है, इसलिए यह पर्व विशेष शुभ माना जा रहा है। पं. अजय कृष्ण शंकर व्यास के अनुसार इस दिन 'सर्वार्थ सिद्धि योग' बन रहा है, जो कार्यों में सफलता दिलाता है। मकर राशि में चंद्र-मंगल की युति और कुंभ राशि में शुक्र-बुध का होना 'महालक्ष्मी योग' का निर्माण कर रहा है। यह योग व्यापार, व्यवसाय और आमदनी के लिए अत्यंत शुभ है। शाम 7:48 तक उत्तराषाढ़ा नक्षत्र रहेगा, जिसके बाद 'श्रवण नक्षत्र' शुरू होगा, जिसे शिववास माना जाता है। इस दौरान की गई पूजा और अभिषेक मनोकामना पूर्ति और गृहस्थ जीवन में सुख-शांति लाते हैं।



# चोर! कौन चोर?: मध्यमवर्गीय दोहरे चरित्र पर हंसाते-हंसाते करारी चोट

### अभिनव रंगमंडल के 40वें नाट्य समारोह में गोरखपुर के कलाकारों का शानदार अभिनय

### दारियो फो लिखित मध्यमवर्गीय विडम्बना और विद्रूपता का नाटक चोर! कौन चोर? मंचित।

### रूपांतर नाट्य मंच, गोरखपुर, ने दारियो फो के नाटक 'चोर, कौन चोर' का किया मंचन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्यगृह में चल रहे अभिनव रंगमंडल के 40वें अखिल भारतीय नाट्य समारोह के छठे दिन, शनिवार को हास्य और व्यंग्य का अनूठा संगम देखने को मिला। यहाँ रूपांतर नाट्य मंच, गोरखपुर ने नोबेल पुरस्कार विजेता इटालियन नाटककार दारियो फो की प्रसिद्ध कृति 'द वर्चअस बर्गलर' का हिंदी रूपांतरण 'चोर! कौन चोर?' का प्रभावी मंचन किया।

हंसी के ठहाकों के बीच तीखे सवाल

वरिष्ठ रंगकर्मी अपर्णेश मिश्र के निर्देशन और आदित्य राजन के सहायक निर्देशन में प्रस्तुत इस नाटक ने मध्यमवर्गीय जीवन के यथार्थ, नैतिक खोखलेपन और दिखावे पर करारा प्रहार किया। कहानी एक चोर (प्रखर कृष्ण त्रिपाठी) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो चोरी करने एक सूने मकान में घुसता है। तभी मकान मालिक (आदित्य राजन) अपनी पत्नी के बजाय अपनी महिला मित्र (सृष्टि गौड़) के साथ वहां आ धमकता है।

इसके बाद चोर की पत्नी (श्वेता शर्मा) का शक, मकान मालकिन (आकृति तिवारी) का आगमन, महिला मित्र के पति (अंकित केसरी) और दूसरे चोर (विक्की प्रजापति) की एंट्री से मंच पर ऐसी हास्यास्पद और जटिल परिस्थितियां बनीं कि दर्शक लोटपोट हो गए। नाटक ने हंसी के माध्यम से व्यभिचार, झूठ और सामाजिक दायित्वहीनता को बड़ी खूबसूरती से उजागर किया। नाटक के संवादों में वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक विसंगतियों पर जो कटाक्ष किए गए, उन पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं। निर्देशक अपर्णेश मिश्र ने अपेक्षाकृत नए कलाकारों से भी परिपक्व अभिनय करवाकर अपनी निर्देशकीय क्षमता का लोहा मनवाया।

# 'लायंस क्लब उज्जैन मेल्विन' के संस्थापन समारोह में दिलाई नई कार्यकारिणी को शपथ

### प्रतीक उपाध्याय अध्यक्ष, जगदीश राजवानी सचिव एवं ओम परमार बने कोषाध्यक्ष

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




लायंस क्लब उज्जैन गोल्ड एवं लायंस क्लब क्षिप्रा के संयुक्त तत्वावधान में नवगठित 'लायंस क्लब उज्जैन मेल्विन' का संस्थापन समारोह एक भव्य और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई और समाज सेवा के प्रति संकल्प लिया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि एवं संस्थापन अधिकारी इंदौर से पधारे गेट वाइस एरिया लीडर लायन कुलभूषण मित्तल थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन भगवानदास ऐरन, भाजपा नगराध्यक्ष लायन संजय अग्रवाल, रीजन चेयरपर्सन लायन प्रदीप यादव, जोन चेयरपर्सन लायन लोकेंद्र भूतड़ा और लायंस ऑफ उज्जैन लायन नरेंद्र खंडेलवाल मंच पर आसीन थे।

डिस्ट्रिक्ट पीआरओ लायन दीपक राजवानी ने बताया कि मुख्य अतिथि लायन कुलभूषण मित्तल ने अपने अनूठे अंदाज में नवगठित क्लब की कार्यकारिणी को संस्थापित किया। अध्यक्ष प्रतीक उपाध्याय, उपाध्यक्ष स्वप्निल पेंढारकर, ऋषभ अग्रवाल, रूपाली उपाध्याय, सचिव जगदीश राजवानी, सह-सचिव लायन पवन दुबे, कोषाध्यक्ष ओम परमार, सह-कोषाध्यक्ष लायन दिव्यांशी नाइक, टेल ट्विस्टर अल्फ्रेड विलियम्स, टेमर प्रवीण चावंड, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर स्वाती सक्सेना, सर्विस एक्टिविटी चेयरमैन अक्षिती नाइक, एलसीआईएफ चेयरमैन माधव दिलीप शर्मा एवं विजन चेयरमैन यश चावड़ा ने शपथ ली। विशिष्ट अतिथि लायन भगवानदास ऐरन ने सभी नए सदस्यों को लायनवाद की शपथ दिलाई।

भाजपा नगराध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट ट्रेजरार लायन संजय अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि ₹प्रत्येक क्लब को अपनी एक 'सिग्नेचर एक्टिविटी' (विशेष पहचान वाली गतिविधि) अवश्य करनी चाहिए, जिससे शहर में उस क्लब की अलग पहचान बन सके।₹ चार्टर अध्यक्ष एमजीएफ लायन संजय सक्सेना ने सदन को लायंस संगठन की गतिविधियों और उद्देश्यों से अवगत कराया।

### सिंधी समाज माधव नगर का पारिवारिक मिलन समारोह आज, नवविवाहित जोड़ों का होगा विशेष सम्मान

**उज्जैन।** सिंधी समाज माधव नगर द्वारा आज रविवार, 8 फरवरी को समाज के भव्य 'पारिवारिक मिलन समारोह' का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम परमेश्वरी गार्डन में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, जिसका उद्देश्य समाज में आपसी प्रेम और सौहार्द को बढ़ाना है।

संस्था के अध्यक्ष रमेश गजरानी और महासचिव महेश गंगवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मिलन समारोह में उन बच्चों और नवदंपतियों का मंच पर विशेष सम्मान किया जाएगा, जिनका विवाह अप्रैल 2025 के बाद संपन्न हुआ है। यह समाज की नई पीढ़ी को जोड़ने और प्रोत्साहित करने का एक प्रयास है।

सचिव राजकुमार परसवानी एवं संगठन सचिव दीपक बेलानी ने बताया कि समाज के जिन वरिष्ठजनों और परिवारों के पास वाहन की सुविधा नहीं है, उनके लिए संस्था द्वारा निःशुल्क बस सेवा उपलब्ध कराई गई है। ऑक्सफोर्ड जूनियर कॉलेज की बस, प्रातः 10:30 बजे अलखधाम नगर स्वर्ग सुंदरम अपार्टमेंट के पास खड़ी रहेगी। बस ठीक 11 बजे गार्डन के लिए प्रस्थान करेगी कार्यक्रम समाप्ति के बाद बस द्वारा वापस अलखधाम नगर छोड़ने की व्यवस्था भी रहेगी।

# पाटीदार समाज के सामूहिक विवाह में 42 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

### श्री राधा कृष्ण गौशाला एवं ज्ञान वर्षा स्कूल ने 21 जोड़ों का किया कन्यादान, दी 3.77 लाख की राशि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



पाटीदार समाज द्वारा पाटपाला में 42 कन्याओं का निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन भव्यता और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस गरिमामय आयोजन में समाज के 42 जोड़े पवित्र अग्नि के फेरे लेकर परिणय सूत्र में बंधे।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रवीण नायक ने बताया कि सम्मेलन में श्री राधा कृष्ण गौशाला एवं ज्ञान वर्षा इंटरनेशनल स्कूल के संचालक मंडल ने समाज सेवा की अनूठी मिसाल पेश की। संस्था के संचालक कैलाश पाटीदार, मुकेश पाटीदार, राजेश पाटीदार, सुरेश पाटीदार और स्वयं प्रकाश ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाते हुए 21 जोड़ों का कन्यादान किया। इस पुनीत कार्य हेतु उन्होंने 3,77,777 रुपये (तीन लाख सतहत्तर हजार सात सौ सतहत्तर रुपये) की राशि दान स्वरूप भेंट की।

वैवाहिक समिति पाटपाला द्वारा अतिथियों और बारातियों के लिए उत्तम व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर गौशाला समिति और स्कूल प्रबंधन द्वारा वैवाहिक आयोजन समिति के अध्यक्ष ईश्वरलाल पाटीदार, कोषाध्यक्ष पंकज पाटीदार, सचिव अरुण पाटीदार, कौशलेश पाटीदार, रामप्रसाद पाटीदार, राधेश्याम पाटीदार, बद्रीलाल, इंदर सिंह पाटीदार सहित पाटपाला, हरसौदन, बाढ़कुमेद, दत्तोतर और उज्जैन के कार्यकारिणी सदस्यों का सम्मान किया गया। समाज हित में अपना बहुमूल्य समय देने और उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

समिति सदस्यों का स्वागत मुकेश, सुरेश, स्वयं, धैर्य पाटीदार, सत्य प्रकाश, चेतन और हर्षित द्वारा किया गया।

इस पावन अवसर पर कड़वा पाटीदार धर्मशाला उज्जैन के अध्यक्ष रामेश्वर गामी और पाटीदार समाज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक कटारिया का स्कूल परिवार द्वारा विशेष स्वागत किया गया। नवविवाहित जोड़ों को अनीता पाटीदार, ममता पाटीदार, ज्योति पाटीदार, चेतना पाटीदार, पुष्पा पाटीदार, संतोष पाटीदार, ललिता पाटीदार, विष्णु पाटीदार, धर्मेंद्र पाटीदार, रिया पाटीदार, कान्हा, सुमित और यति ने मंगल बधाई दी और उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की।

## खबर एक नजर...

### तीन दिवसीय तलवारबाजी एवं लट्ठ संचालन प्रशिक्षण का समापन

**उज्जैन।** शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, में वामिका पूर्व छात्रा संगठन के तत्वावधान में दिनांक 5 फरवरी से आयोजित तीन दिवसीय तलवारबाजी एवं लट्ठ संचालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज सफल समापन हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम वामिका पूर्व छात्रा संगठन की प्रभारी डॉ. लीना शाह के संयोजन में और श्रीमती रजनी नरवरिया के प्रशिक्षण में संचालित किया गया।

समापन अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शास्त्र आत्मरक्षा एवं आत्मसंरक्षण के प्रतीक हैं। सनातन संस्कृति में शिक्षा के साथ-साथ शस्त्र विद्या का भी प्रशिक्षण दिया जाता था। वर्तमान राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षा, योग एवं शास्त्र को समाहित किया गया है। वामिका पूर्व छात्रा संगठन द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण नई शिक्षा नीति को व्यवहार में सार्थक करने का प्रशंसनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि तलवारबाजी एवं लट्ठ संचालन का यह प्रशिक्षण छात्राओं को संघर्ष की परिस्थितियों में सदैव सजग एवं तत्पर रहना सिखाता है। महाविद्यालय के आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. अजय भार्गव ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए छात्राओं को इस विद्या का निरंतर अभ्यास करते रहने हेतु प्रेरित किया।

महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. महेंद्र जैन ने छात्रहित में इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को समय-समय पर आयोजित किए जाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ग्रंथालय सहयोगी श्री जितेंद्र कुशवाहा एवं श्रीमती विद्या वीन का विशेष सहयोग रहा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. मीना मोघे, डॉ. कविता जैन, डॉ. सरिता यादव, डॉ. सरोजिनी टोपनो, डॉ. पूजा साहू, डॉ. सीमा उपाध्याय, डॉ.मीरा यादव,डॉ. अरविंद शर्मा, श्रीमती मोनिका परमार, डॉ. योगिता खटके सहित अनेक प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# उज्जैन रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा में व्यापक बदलाव,10 फरवरी से प्रभावी होंगे

### उज्जैन स्टेशन पर 30 से अधिक ट्रेनों के प्लेटफार्म में परिवर्तन

### अधिकांश सुपर फास्ट एक्सप्रेस एवं पैसेंजर ट्रेनों के प्लेटफार्म में परिवर्तन किया गया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अगर आप मंगलवार को उज्जैन रेलवे स्टेशन से गांधी धाम एक्सप्रेस में बैठने जा रहे हैं तो सजग हो जाएं , यह ट्रेन सोमवार से 01 नंबर प्लेटफार्म की बजाय 5 नंबर पर आएगी। ऐसा न हो कि आप पूर्व प्लेटफार्म पर खडे रह जाएं और ट्रेन आकर निकल जाए। गांधी धाम ही नहीं ऐसी 30 ट्रेनों के प्लेटफार्म में पश्चिम रेलवे ने उज्जैन स्टेशन पर परिवर्तन किया है। यह परिवर्तन 10 फरवरी 2026 से प्रभावी होगा।

पूर्व की तरह एक नंबर यात्रियों की सुविधा, सुगम आवागमन तथा सभी प्लेटफार्मों के समान उपयोग को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल द्वारा उज्जैन रेलवे स्टेशन पर एक महत्वपूर्ण सुधार किया गया है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार इस बदलाव से विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, बच्चों तथा दिव्यांग यात्रियों को लाभ होगा, क्योंकि अब उन्हें स्टेशन के अंतिम छोर तक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। कई ट्रेनों को बीच के प्लेटफार्मों से प्लेटफार्म क्रमांक 1 अथवा 8 पर शिफ्ट किया गया है, जिससे यात्रियों को प्लेटफार्म तक पहुंचने में आसानी होगी।

इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर बढ़ते यात्री दबाव को कम करना, भीड़ प्रबंधन को बेहतर बनाना तथा स्टेशन संचालन को अधिक व्यवस्थित एवं सुचारू बनाना है। प्लेटफार्म परिवर्तन के बाद यात्रियों को प्लेटफार्म तक पहुंचने में अधिक सुविधा होगी और उनका यात्रा अनुभव सुरक्षित एवं सहज बनेगा। इस नई व्यवस्था से प्लेटफार्म क्रमांक 1 तथा उससे जुड़े सकुर्लेटिंग एरिया में भीड़भाड़ एवं कंजेशन कम होगा, साथ ही प्लेटफार्म क्रमांक 8 की उपयोगिता भी बढ़ेगी। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन पर डिस्प्ले बोर्ड, उद्घोषणा प्रणाली तथा स्टाफ की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की गई है, ताकि यात्रियों को समय पर सही जानकारी एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा सके। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान स्टेशन पर

लगे सूचना बोर्ड एवं उद्घोषणाओं पर ध्यान दें तथा आवश्यकता होने पर रेलवे कर्मचारियों से संपर्क करें। यात्री रेलवन ऐप एवं एनटीईएस ऐप जैसे ऑनलाइन माध्यमों से भी ट्रेनों के आगमन/प्रस्थान के प्लेटफार्म की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

इंदौर- शहीद कैप्टन तुषार महाजन सुपरफास्ट एक्सप्रेस,कामाख्या डॉ. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस,नागपुर इंदौर सुपर फास्ट एक्सप्रेस,प्रयागराज-डॉ. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस

गांधीधाम-इंदौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस,इंदौर झबिलासपुर एक्सप्रेस, इंदौर - दौंड सुपरफास्ट एक्सप्रेस, इंदौर - मुम्बई सेंट्रल अवंतिका सुपरफास्ट एक्सप्रेस,इंदौर असारवा एक्सप्रेस , मन्नारगुड़ी-जोधपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस,वाराणसी झइंदौर एक्सप्रेस,यशवंतपुर -डॉ. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस,बरेली- इंदौर एक्सप्रेस, इंदौर ऊना हिमाचल एक्सप्रेस ,मदुरै-बीकानेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस,ग्वालियर-दौंड सुपरफास्ट एक्सप्रेस,इंदौर-गांधीधाम एक्सप्रेस,तिरुवनंतपुरम उत्तर-इंदौर एक्सप्रेस,वाराणसी इंदौर एक्सप्रेस।

#### पैसेंजर ट्रेनें-

नागदा-उज्जैन पैसेंजर, उज्जैन-रतलाम मेमू,उज्जैन-इंदौर मेमू,उज्जैन-नागदा पैसेंजर,उज्जेन इंदौर पैसेंजर,भोपाल उज्जैन पैसेंजर,इंदौर-उज्जैन मेमू,इंदौर-उज्जैन मेमू,उज्जैन - भोपाल पैसेंजर,नागदा-उज्जैन पैसेंजर,रतलाम-उज्जैन मेमू, चित्तौड़गढ़ - उज्जैन मेमू

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौताः जीएम उत्पादों पर स्थिति स्पष्ट करे सरकार

### गेहूं, चावल और डेयरी को समझौते से बाहर रखने पर जताया आभार, लेकिन 'संवेदनशील उत्पादों' की परिभाषा पर मांगा जवाब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भारतीय किसान संघ ने भारत और अमेरिका के बीच हुए हालिया व्यापार समझौते पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए सरकार से जीएम फसलों और उत्पादों को लेकर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। संगठन का कहना है कि समझौता प्रथम द्दष्टया अच्छा दिखता है, लेकिन इसमें 'किसानों से जुड़े संवेदनशील उत्पाद' शब्द को लेकर संशय बना हुआ है। भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय महामंत्री श्री मोहिनी मोहन मिश्र ने जारी वक्तव्य में कहा कि देश के वाणिज्य मंत्री ने स्पष्ट किया है कि गेहूं, चावल, दूध एवं डेयरी उत्पाद, फल-सब्जी और मसालों को इस व्यापार समझौते से बाहर रखा गया है। इसके लिए किसान संघ ने भारत सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया है। श्री मिश्र ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समझौते में किसानों से जुड़े संवेदनशील उत्पाद₹ शब्दावली का प्रयोग किया गया है। सरकार को इस पर और अधिक स्पष्टता के साथ अपना पक्ष रखना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि अमेरिका में बहुतायत में होने वाले जी.एम. (जेनेटिकली मॉडिफाइड) उत्पाद, जिन्हें वहां जानवरों के चारे के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, वे किसी भी शर्त या नाम पर भारत में नहीं आने चाहिए। यह भारतीय किसान संघ की स्पष्ट मांग है। श्री मिश्र ने तर्क दिया कि भारत में अभी तक खाद्यान्न फसलों में जी.एम. को अनुमति नहीं मिली है और इस पर शोध व जांच चल रही है। मनुष्य और जीव-जगत के स्वास्थ्य पर इसके नकारात्मक प्रभावों के साक्ष्य सामने आ रहे हैं और यह एक 'असफल फसल' तकनीक साबित हो रही है। देश की जैव विविधता और जनता के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के लिए जी.एम. फसलों को रोकना अनिवार्य है।

## खेल महोत्सव में 'ग्रीन हाउस' ने मारी बाजी




### आलोक इंटरनेशनल स्कूल में हुए पंचदिवसीय उत्सव का रंगारंग समापन

### हार हमें सकारात्मकता सिखाती है और खेल जीवन के महत्वपूर्ण पाठ– आलोक वशिष्ठ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट परिसर स्थित आलोक इंटरनेशनल स्कूल में विगत पाँच दिनों से चल रहे खेल महोत्सव का शनिवार को भव्य और रंगारंग समापन हुआ। समापन समारोह में विद्यार्थियों के उत्साह और खेल भावना का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहाँ 'ग्रीन हाउस' ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अजय गर्गे (लेखक, मैंग्रोव फॉरेस्ट झ अंडमान निकोबार द्वीप), विशिष्ट अतिथि एस. एस. पंड्या (वरिष्ठ वैज्ञानिक, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड) और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था अध्यक्ष आलोक वशिष्ठ द्वारा माँ सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। एस. एस. पंड्या ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि ₹धैर्य के साथ जीवन की हर चुनौती का सामना करते हुए निरंतर आगे बढ़ना चाहिए, तभी नई उपलब्धियाँ हासिल होती हैं।

अध्यक्षीय उद्बोधन में आलोक वशिष्ठ ने कहा कि हार हमें बहुत कुछ सिखाती है। जब हम उसे सकारात्मक रूप से स्वीकार करते हैं, तो वही अनुभव जीवन में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता है।

प्राचार्य यामिनी पाटणकर ने बताया कि पाँच दिवसीय इस महोत्सव में क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बाधा दौड़, रस्साकशी, 100 मीटर एवं 400 मीटर दौड़, चम्मच रेस, नींबू रेस और चेयर रेस जैसी रोमांचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन सभी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार प्रदर्शन शिक्षिका श्रीमती श्वेता हड़ताल ने किया। इस अवसर पर एडमिनिस्ट्रेटर नेहा झा और अभिषेक वशिष्ठ ने विशेष रूप से उपस्थित रहकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय परिवार ने सभी विजेता प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई दी।

### सड़क हादसे में बाईक सवार युवक की मौत

**मंदसौर।** बीती रात को नईआबादी थाना क्षेत्र के नयाखेड़ा हाईवे पर एक सड़क दुर्घटना में बाइक पर सवार एक युवक की मृत्यु हो गई जबकि दो अन्य व्यक्ति घायल हो गये। घायलों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय मंदसौर में भर्ती किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस हादसे में मंगल निवासी मंदसौर की मृत्यु हो गई.

### इंजी. शिवेन्द्र शर्मा : सृजन एवं सेवा का अद्भुत संगम का लोकार्पण

## सेवानिवृत्त इंजी. शिवेन्द्र शर्मा के सम्मान समारोह में दिखा साहित्य और सेवा का अनूठा संगम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पंडित सूर्य नारायण व्यास संकुल भवन, कालीदास अकादमी में साहित्य, संस्कृति और सेवा का एक अद्भुत समागम देखने को मिला। अवसर था नगर तथा ग्राम निवेश विभाग से सेवानिवृत्त हुए इंजीनियर शिवेन्द्र शर्मा के सम्मान समारोह और उन पर केंद्रित इंडिया वर्ल्ड रिकॉर्ड एवं ग्लोबल वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर राष्ट्रीय पत्रिका 'टू मीडिया' के विशेषांक ₹इंजी. शिवेन्द्र शर्माः सृजन एवं सेवा का अद्भुत संगम₹ के भव्य लोकार्पण का।



अतिथियों का सानिध्य और कार्यक्रम का शुभारंभ

समारोह उपनिषद आश्रम के पीठाधीश्वर अनन्त श्री विभूषित स्वामी श्री वीतरागानंद सरस्वती जी महाराज के पावन सानिध्य और सुप्रसिद्ध शिक्षाविद श्री दिवाकर नातू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य शैलेन्द्र पाराशर और सारस्वत अतिथि के रूप में प्रो. हरिमोहन बुधोलिया उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में टू मीडिया के संपादक डॉ. ओम प्रकाश प्रजापति, शिव चौरसिया एवं डॉ. पांखुरी वक्त शामिल हुए। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन और श्रीमती सीमा जोशी द्वारा प्रस्तुत सुमधुर सरस्वती वन्दना के साथ हुआ।

स्वामी श्री वीतरागानंद सरस्वती जी ने अपने आशीर्वचन में सृष्टि की सृजनात्मकता और सनातन धर्म के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विलक्षण प्रतिभा पूर्व जन्म के कर्मों का फल होती है। उन्होंने श्री शर्मा और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती साधना को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में दिवाकर नातू ने जीवन को 'तिरंगे' में ढालने का मन्त्र दिया। उन्होंने कहा कि जीवन के तीन रंग होने चाहिए– स्वस्थ रहिये, मस्त रहिये और व्यस्त रहिये।

## खबर एक नजर...

### टीपीए सेमिनार में विशेषज्ञों ने समझाए बजट 2026 और जीएसटी के नए प्रावधान

**उज्जैन।** टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन उज्जैन द्वारा जलघर भवन, भरतपुरी में जीएसटी और केंद्रीय बजट 2026 पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इस प्रोफेशनल मीट में इंदौर से आए युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने कर प्रणाली में हुए बदलावों की बारीकियों को समझाया।

सचिव एडवोकेट प्रसून भवालकर ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के पूजन से हुआ। संस्था अध्यक्ष सीए निलेश अग्रवाल ने कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए वर्तमान समय में कर कानूनों की जानकारी के महत्व पर जोर दिया। अतिथियों का परिचय सीए जितेंद्र थानी ने दिया।

प्रथम सत्र में सीए पल्केश असावा ने जीएसटी में हाल ही में हुए महत्वपूर्ण बदलावों और न्यायालयीन निर्णयों पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं, द्वितीय सत्र में सीए मिलिंद वाधवानी ने केंद्रीय बजट 2026 का विश्लेषणात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया। उन्होंने आयकर से जुड़े प्रमुख संशोधनों और करदाताओं पर पड़ने वाले उनके व्यावहारिक प्रभावों पर प्रकाश डाला।

# प्रशासन की कार्यप्रणाली से खफा हिंदू संगठनों ने भगवान को सौंपा ज्ञापन, मंदसौर दोपहर तक रहा बंद

## मंदसौर में गोवंश के अवशेष मिलने का मामला

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर

स्थानीय जीवागंज में गोवंश के अवशेष मिलने की घटना के विरोध में शनिवार का विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के आह्वान पर दोपहर 2 बजे तक शहर के बाजार बंद रहे। प्रदर्शनकारियों ने इस बार प्रशासनिक अधिकारियों के बजाय नेहरू बस स्टैंड स्थित बालाजी मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठकर भगवान के चरणों में अपना ज्ञापन सौंपा और प्रशासन को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की।

हिंदू संगठनों का कहना है कि वे बार-बार प्रशासन को ज्ञापन देकर थक चुके हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। विहिप जिला अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह मंडोई ने बताया कि पिछले 4-6 महीनों में शहर में यह चौथी घटना है। हेमंत मूलचंदानी ने कहा, हम बार-बार आवेदन देकर थक चुके थे, इसलिए अब हम बालाजी की शरण में आए हैं ताकि भगवान ही प्रशासन को सद्बुद्धि दें। सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करने के बाद भगवान को प्रतीकात्मक ज्ञापन अर्पित किया गया।

शनिवार सुबह से ही सर्व हिंदू समाज, विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता सड़कों पर निकले। कार्यकताओं ने रैली निकालकर व्यापारियों से सहयोग की अपील की। शहर के व्यापारियों ने भी शादी-ब्याह के सीजन के बावजूद स्वेच्छा से दोपहर 2 बजे तक अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर समर्थन दिया। बंद के दौरान कहीं भी अप्रिय स्थिति या विवाद की खबर नहीं मिली और स्थिति पूरी तरह शांतिपूर्ण रही।

ये था मामला- आक्रोश की शुरूआत गुरुवार दोपहर को जीवागंज क्षेत्र में गोवंश के अवशेष मिलने के बाद हुई थी। उस समय प्रदर्शनकारियों ने माहेश्वरी धर्मशाला के यहां धरना देने के उपरांत अवशेषों को हाथ में लेकर घंटाघर तक रैली निकाली थी और प्रशासन को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था। तय समय सीमा में पुलिस द्वारा किसी निष्कर्ष पर न पहुँच पाने के कारण शनिवार को मंदसौर बंद का निर्णय लिया गया।



### अभिव्यक्ति स्थल पर आज लगेगा जैविक हाट बाजार

**मन्दसौर।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा अभिव्यक्ति स्थल, महाराणा प्रताप बस स्टैंड के पास, मंदसौर में आज 8 फरवरी, रविवार को प्रातः 11 बजे से जैविक हाट बाजार का आयोजन किया जा रहा है। उप संचालक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग रविंद्र मोदी ने बताया कि इस हाट बाजार में मंदसौर जिले के जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने वाले कृषक, कृषक समूह तथा स्व-सहायता समूह अपने उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं को विक्रय कर सकेंगे।

## यातायात नियमों की अनदेखी से देश में हर साल जा रही डेढ़ लाख जानें: डीएसपी परिहार

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

भारत में सड़क सुरक्षा एक गंभीर चिंता का विषय है। देश में प्रतिवर्ष 4 लाख 90 हजार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें करीब डेढ़ लाख लोग अकाल मृत्यु का शिकार हो रहे हैं। समझदार होकर सड़क पर नासमझी करना जीवन पर भारी पड़ सकता है।₹ यह विचार पुलिस उप अधीक्षक (यातायात) दिलीप सिंह परिहार ने व्यक्त किए।

वे पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार आयोजित 'यातायात सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला' को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। डीएसपी परिहार ने कहा कि दुर्घटनाओं का मुख्य कारण तेज गति, शराब पीकर वाहन चलाना और संकेतों की अनदेखी करना है। यातायात सुरक्षा हमारा नागरिक कर्तव्य है।

कार्यशाला के दौरान डीएसपी परिहार ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने यातायात नियमों पर प्रश्न पूछे, जिनके सही उत्तर देने वाले छात्रों को मौके पर ही पुरस्कार प्रदान किए गए। अंत में सभी विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। नियम तोड़ना यानी नारकीय जीवन को न्योताः प्राचार्य अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा एक ज्वलंत मुद्दा है। नियमों की अनदेखी से कई लोग जीवन भर के लिए अपाहिज हो जाते हैं और नारकीय जीवन जीने को बाध्य होते हैं। इसलिए यातायात संकेतकों का अध्ययन बहुत जरूरी है। आरंभ में कार्यशाला संयोजक मेजर डॉ. मोहन निमोले ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। डॉ. केशवमणि शर्मा ने भी मार्गदर्शन दिया। संचालन डॉ. जफर महमूद ने किया और आभार डॉ. गणेश राठौर ने माना।

# केन्द्रीय बजट विकसित भारत 2047 के संकल्प का आधार रखेगा

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम



भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट को लेकर शनिवार को पत्रकार वार्ता आयोजित हुई। इसमें राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि 2026-27 का केन्द्रीय बजट विकसित भारत 2047 के संकल्प का आधार रखेगा। यह बजट हर वर्ग के कल्याण की कल्पना पर आधारित है। इसमें गरीब, किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग और उद्यमी के सशक्तिकरण की दिशा निहित है।

कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने इससे पूर्व बजट के आर्थिक और औद्योगिक पहलुओं पर प्रकाश डाला और कहा कि 2014 में सरकार बनाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी जी ने बजट की अवधारणा को बदल दिया है। इसमें केवल आय-व्यय की बातें ही नहीं होती अपितु सम्पूर्ण विकास के साथ देश को आगे ले जाने का उद्देश्य पूरा किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर एवं कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, महापौर प्रहलाद पटेल, बजट टोली के संयोजक जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी एवं सह प्रभारी निलेश बाफना मंचासीन रहे। राज्यसभा सांसद श्री गुर्जर ने केन्द्रीय बजट पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी ने लगातार नौवीं बार संसद में जो बजट प्रस्तुत किया है वह भी भारत के संसदीय इतिहास में गौरव के पल के रूप में दर्ज हुआ है। इसे केवल बजट कहना न्यायसंगत नहीं है अपितु यह बजट विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने वाला विजन पत्र है।

उन्होंने बताया कि इस बजट से मध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिली है। सरकार ने स्वास्थ्य के खर्च को कम करने के लिए दवाओं पर शुल्क में कटौती की है और कैंसर की 17 जीवनरक्षक दवाओं पर सीमा शुल्क 0 या बहुत कम कर दिया है। मध्यम वर्ग परिवारों को गुणवत्ता पूर्ण इलाज के लिए जिला स्तर पर आयुष केन्द्रों को 10 हजार करोड़ का कोष आवंटित किया गया है। महिलाओं के लिए प्रत्येक जिले में एक छात्रावास का प्रस्ताव कर 10 हजार करोड़ का प्रावधान किया है और महिलाओं में रोजगार अवसर बढ़ाने हेतु डेढ़ लाख देखभाल सेवा प्रदाताओं और एक लाख स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा है।

श्री गुर्जर ने बताया कि किसानों के लिए भी बजट अत्यंत सकारात्मक है। इस बजट के माध्यम से भारत के भविष्य को सशक्त बनाने का प्रयास किया गया है। बजट को राजनीति के चश्मे से देखने के बजाए राष्ट्र निर्माण के दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए, क्योंकि इससे भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि पर्यावरण के लिए भी बजट में पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं।

कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने कहा कि युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के लिए बजट में व्यापक प्रावधान है। पर्यटन क्षेत्र में आईआईएम के सहयोग से 10 हजार गाइड़ों के कौशल उन्नयन और खेलो इंडिया के माध्यम से अगले दशक में खेल क्षेत्र में भी बदलाव का प्रावधान बजट में किया गया है। एमएसएमई ग्रोथ फंड के लिए भी 10 हजार करोड़ का आवंटन किया गया है। एमएसएमई क्षेत्र में महिलाओं के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का फंड रखा गया है।

### छात्रों से खरीदी ऑर्गेनिक मेथी, दिया पर्यावरण संरक्षण और स्वावलंबन का संदेश

**उज्जैन।** श्री वल्लभ आनंद क्लब ने विक्रम विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र में एक सराहनीय पहल करते हुए पर्यावरण संरक्षण और विद्यार्थी हित में एक अनूठा उदाहरण पेश किया है। क्लब के सदस्यों ने विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा विकसित किए गए खेत का भ्रमण किया। यहाँ कृषि संकाय के छात्रों द्वारा उगाई गई 'ऑर्गेनिक मेथी' की फसल का अवलोकन किया गया। छात्रों के परिश्रम और जैविक खेती को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से क्लब के सदस्यों ने उनसे मेथी का क्रय कर उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की। क्लब की संस्थापक मधु गुप्ता के अनुसार इस गतिविधि का एक मुख्य आकर्षण पर्यावरण के प्रति जागरूकता रहा।

# सिहंस्थ 28 के निमार्णाधीन कार्यो में सुरक्षा संबंधी सभी उपाय किए जाएं- मेला अधिकारी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सिहंस्थ मेला कार्यालय के सभागृह में गुरूवार को सिहंस्थ मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह ने सिंहस्थ 2028 के लिए किए जा रहे अधोसंरचना विकास के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में श्री सिंह ने सिहंस्थ कार्यो को करने वाली सभी एजेंसियों को कार्य के दौरान सुरक्षा के उपाय किए जाने और निमार्णाधीन कार्य की गति बढ़ाने और समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए है। बैठक में अपर आयुक्त उज्जैन संभाग श्री रत्नाकर झा, कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।बैठक में सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री सिंह ने विभागवार कार्यो की समीक्षा की। बैठक में सेतु विभाग द्वारा प्रचलित विभिन्न ब्रिज निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी दी गई। बैठक में पीएचई की पाईप



लाइन शिफ्टिंग का कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए। सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री सिंह ने पीएचई विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। सिंहस्थ मेला अधिकारी ने निर्माण कार्य करने वाली सभी एजेंसियों द्वारा निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा के पूरे उपाय करने के निर्देश दिए। सेतु विभाग के माध्यम से किए जा रहे फ्रीगंज आरओबी, वाकणकर ब्रिज, श्री मंगलनाथ मंदिर से कमेड, कर्कराज से भूखीमाता, केडी गेट से दुगार्दास की छत्री, छोटा पुल, पीपलीनाका से भैरवगढ़ मार्ग, श्री कालभैरव से सिद्धवट, श्री कालभैरव से गढ़कालिका, लालपुर के ब्रिज निर्माण कार्य समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने के निर्देश भी दिए। बैठक में एमपीआरडीसी द्वारा सिहंस्थ बायपास, इंगोरिया से देपालपुर और उज्जैन से मक्सी मार्ग की प्रगति की जानकारी दी गई।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी कार्यों के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को गति बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि छत्रीचौक पर पीएचसी का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री सिंह ने कहा कि सिंहस्थ के अंतर्गत निमार्णाधीन कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने करें।

# कलेक्टर मिशा सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नामली का रोस्टर निरीक्षण किया। स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्थाए देखी एवं आवश्यक निर्देश दिए । निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि गर्भवती माताओं की प्रसव की अनुमानित तिथि के आधार पर महिलाओं को परामर्श प्रदान कर बर्थ वेटिंग रूम में समय पर भर्ती कराया जाए जिससे प्रसव संबंधी खतरों में कमी आ सके तथा प्रसव का उचित प्रबंध करते हुए मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी हो। विभाग की सब इंजीनियर कामिनी देवड़ा में बताया कि अस्पताल में ऊपरी तल पर बी एम ओ ऑफिस और लेबोरेटरी आदि के लिए निर्माण कार्य कराया जा रहा है। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि मरीज की जांच हेतु सैंपल कलेक्शन ग्राउंड फ्लोर पर ही लिए जाएं और निर्माण कार्य में प्रगति लाई जाए। उन्होंने दवाईंयां के स्टोर कक्ष के निरीक्षण के



दौरान नियर एक्सपायरी दवाईंयां की अच्छी व्यवस्था को गुड प्रैक्टिस मानते हुए सभी केंद्रों पर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश मंडलोई ने बताया कि केंद्र पर चार कर्मचारियों के माध्यम से सफाई कराई जा रही है। कलेक्टर ने

## खबर एक नजर...

### ठाकुर श्री श्रीसीताराम दास ओंकारनाथ देव का 135 वां प्रादुर्भाव दिवस मनाया

मंडलेश्वर ।स्थानीय जूना श्रीराम मंदिर में ठाकुर श्री श्रीसीताराम दास ओंकारनाथ देव जी का 135 वां प्रादुर्भाव दिवस ओंकार पञ्चमी के पावन पर्व के रूप में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। मंदिर के संस्थापक पंडित श्री पंकज मेहता गुरुजी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पावन अवसर पर प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में गुरुपादुका का विधिवत अभिषेक एवं पूजन संपन्न हुआ। इसके उपरांत ठाकुर जी की जन्म आरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की ।कार्यक्रम के क्रम में भक्तों द्वारा नाम ₹हरे राम हरे कृष्णा₹ संकीर्तन किया गया तथा नगर में भक्ति भाव से परिपूर्ण नाम फेरी निकाली गई, जिससे पूरा वातावरण राममय हो उठा। इसके पश्चात गुरुदेव की भव्य महाआरती संपन्न हुई ।समारोह के अंत में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। संपूर्ण आयोजन भक्ति, अनुशासन और आध्यात्मिक उल्लास का अनुपम उदाहरण बना।

### पेंशनरों की चिंता, जिला स्तर पर बंद हो रहे पेंशन कार्यालय

बुरहानपुर। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन जिला बुरहानपुर ने मध्यप्रदेश शासन के उस फैसले का विरोध किया है, जिसमें १ अप्रैल 2026 से जिला स्तर पर कार्यरत पेंशन कार्यालय बंद करने का निर्णय लिया गया है। इस फैसले के विरोध में आज जिला बुरहानपुर में कलेक्टर महोदय के माध्यम से मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि इस फैसले से सेवानिवृत्त होने वाले प्रदेश के कर्मचारीयों, अधिकारियों के पेंशन प्राप्ति प्रकरणों में उन्हें भोपाल के चक्कर लगाना होंगे, जिससे पेंशनरों को बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना होगा। साथ ही कुछ माह पेंशन एवं अन्य स्वत्व प्राप्त नहीं होने की दशा में आर्थिक कठिनाइयों एवं परिवार का भरण पोषण की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। अतः ज्ञापन के माध्यम से शासन से निवेदन किया गया है कि जिला स्तरीय पेंशन कार्यालय एवं संभागीय स्तरीय पेंशन कार्यालय पूर्व की तरह यथावत रहे। ज्ञापन देते समय प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन जिला बुरहानपुर के सभी सदस्य उपस्थित थे। ज्ञापन का वाचन प्रकाश मराठे उपाध्यक्ष प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन ने किया।

### बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी को लेकर विद्यार्थियों को दिया गया मार्गदर्शन

बड़वानी । शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवती में आगामी बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष मार्गदर्शन सह प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा की प्रभावी तैयारी, ओएमआर शीट भरने की सही विधि, उत्तर लेखन की रणनीति तथा समय प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तार से दी गईं। सत्र के दौरान शिक्षकों ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं में विषय ज्ञान के साथ-साथ उत्तर प्रस्तुति और समय का सही उपयोग अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थियों को नमुना ओएमआर शीट उपलब्ध कराई गई तथा उसे सही तरीके से भरने का प्रशिक्षण भी दिया गया।

### जनपद पंचायत पाटी की सामान्य सभा की बैठक होगी 11 फरवरी को

बड़वानी। जनपद पंचायत अध्यक्ष पाटी श्री थानसिंह सस्ते की अध्यक्षता में जनपद पंचायत पाटी की सामान्य सभा की बैठक का आयोजन 11 फरवरी को दोपहर 12 बजे से जनपद पंचायत पाटी के सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। जनपद पंचायत पाटी के सीईओ श्री पराग पंथी से प्राप्त जानकारी अनुसार बैठक में पूर्व बैठक का कार्यवाही विवरण, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग पाटी एवं बोकराटा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा विभाग, मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल विभाग पाटी की समीक्षा की जावेगी।

# नर्मदा परिक्रमा करने वालों की देवता भी करते हैं मदद फिल्म नर्मदे हर में आस्था और चमत्कार का चित्रण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर




पतित पावनी मां नर्मदा की परिक्रमा का महत्व प्राचीन काल से चला आ रहा है। विशेष रूप से महाराष्ट्र के श्रद्धालु नर्मदा परिक्रमा में सदैव अग्रणी रहे हैं और आज भी यह परंपरा पूरी श्रद्धा व आस्था के साथ निभाई जा रही है। नर्मदा परिक्रमा की इसी दिव्यता, संघर्ष और चमत्कारिक अनुभवों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मराठी फिल्मों के ख्यात अभिनेता व टीवी कलाकार चिन्मय उदगिरकर सोहम हमसा प्रोडक्शन के बैनर तले फिल्म नर्मदे हर का निर्माण कर रहे हैं, जिसकी शूटिंग पवित्र नगरी मंडलेश्वर में चल रही है ।फिल्म का निर्देशन मराठी सिनेमा के नामचीन निर्देशक एवं लेखक निशांत धापसे कर रहे हैं, जिन्हें महाराष्ट्र स्टेट अवॉर्ड के साथ ही राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाने वाला नेशनल फिल्म अवॉर्ड भी मिल चुका है। स्वदेश से चर्चा में निर्देशक निशांत धापसे ने बताया कि च्नर्मदे हरज मराठी के साथ-साथ हिंदी भाषा में भी बनाई जा रही है, ताकि नर्मदा परिक्रमा का महत्व देशभर तक पहुंच सके।

उन्होंने बताया कि फिल्म की कहानी का विचार अभिनेता एवं निमार्ता चिन्मय उदगिरकर के मन में आया, जिसके बाद गहन शोध और कई परिक्रमा वासियों से संवाद कर स्क्रिप्ट तैयार की गई। फिल्म की कहानी मंडलेश्वर में घटित होती है, जहां एक परिक्रमा वासी घायल होकर मंदिर के सामने अचेत अवस्था में मिलते हैं। उसी समय एक बालक, जो हनुमान जी का रूप माना गया है, उसकी सहायता कर उसे एक वैद्य के घर पहुंचाता है। यहीं से कहानी आगे बढ़ती है। फिल्म की नायिका इसी वैद्य परिवार से जुड़ी हुई है।

## जिले की 11 पंजीकृत सहकारी संस्थाओं को आयुक्त सहकारिता ने जारी किया कारण बताओं सूचना पत्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

जिले में पंजीकृत 11 सहकारी संस्थाओं को संयुक्त आयुक्त सहकारिता इन्दौर संभाग द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 18-ए/क (1) के अतंर्गत कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया है। पत्र में यह उल्लेखित किया गया है कि पदाधिकारियों एवं समस्त संबंधित पक्षकार सूचना पत्र का प्रतिउत्तर 12 फरवरी को दोपहर 12 बजे तक समक्ष में उपस्थित होकर दस्तावेजों के साथ अपना पक्ष समर्थन प्रस्तुत करें अन्यथा की दशा में नियमानुसार कार्यवाही कर संस्था के पंजीयन निरस्ती की कार्यवाही पूर्ण की जावेगी। सहायक आयुक्त सहकारिता श्री सुरेश सांवले से प्राप्त जानकारी अनुसार सदस्यों के हित संवर्धन के प्रति पूर्णतः उपेक्षावान होने से तथा संस्थाओं द्वारा संचालक मंडल की बैठको की सूचना नहीं देने, वार्षिक साधारण सभा का आयोजन नही करने, नियमानुसार निर्वाचन नही कराने के कारण जिले की मजदुर शिल्पी साख सहकारी संस्था मर्यादित औझर, सम्पूर्ण सहयोग साख सहकारी संस्था मर्यादित बड़वानी, विशाल साख सहकारी संस्था मर्यादित बड़वानी, सर्वांगीण नगर विकास साख सहकारी संस्था मर्यादित अंजड़, माँ वैष्णोदेवी साख सहकारी संस्था मर्यादित बड़वानी, बंकिम साख सहकारी संस्था मर्यादित बड़वानी, सरस्वती साख सहकारी संस्था मर्यादित बड़वानी, माँ कालका महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित सेंधवा, गंगेश्वर महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित सेंधवा, चौकी माता बीज उत्पाद सहकारी संस्था मर्यादित चौकी, माँ रेवा क्रय-विक्रय साख सहकारी संस्था मर्यादित बड़वानी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। उक्त संस्थाएं विगत कई वर्षों से अकार्यशील होकर संपरीक्षक द्वारा वित्तीय पत्रकों की पुनरावृत्ति कर सतत रूप से च्वदच्द्व वगीर्कृत किये जाने से तथा संस्था प्रशासक/प्रभारी अधिकारियों को कोई रेकार्ड/अभिलेख उपलब्ध नही कराये

# बोरले हॉस्पिटल की लूट, गरीब का इलाज बना कमाई का जरिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नेपानगर

नेपानगर के निवासी नरबदा प्रसाद यादव ने कलेक्टर से शिकायत में बताया कि उनके पुत्र नरसिंह यादव का इलाज बोरले हॉस्पिटल बुरहानपुर में 29 मई 2025 को इलाज के लिए गए थे। जिसके लिए हमने आयुष्मान कार्ड पर इलाज करने को कहा परन्तु हॉस्पिटल वालो ने आयुष्मान कार्ड पर इलाज करने से मना कर दिया। तब हमको इलाज जल्दी करवाने को कहा और पैसे जल्दी भरने को कहा गया।

तब हमने तत्काल इधर उधर से 50 हजार की व्यवस्था कर हॉस्पिटल में पैसा जमा कराया। इसके साथ ही दवाइयां, ब्लड एवं एमआरआई के रुपए अलग से दिए गए। वही हॉस्पिटल से 4 जून 2025 को छुट्टी दी गई जिसपर हमसे 45 हजार रु ओर मांगे गए, तब बताया गया कि सर्जरी पैकेज के 1 लाख रु लगते है। तब हमने 15 हजार कैश और 30 हजार ऑनलाइन पेमेंट किया, पैसे भरने के बाद हमको छुट्टी दी गई।

इसके बाद हमने 5673 रुपये की दवाइयां लेकर घर गए। हॉस्पिटल से आने के बाद बच्चे को तकलीफ ज्यादा होने पर 14.6.25, 28.6.25, 10.7.25 को ओर बताया गया। इसके बाद 9.9.25 को फिर बताया गया जहाँ एक और एमआरआई कराई गई और दवाइयां देकर घर भेज दिया गया।

हॉस्पिटल में बार बार बताने के बाद बच्चे का दर्द कम ना होने पर हम 31.11.25 को दोबारा बोरले हॉस्पिटल गए जहाँ उन्होंने फिर से ऑपरेशन करने का बोला गया। तब हमने बोला साहब फिर ऑपरेशन होगा और पैसा लगेगा हम गरीब लोग इतना पैसा कहा से लाएंगे। तब उन्होंने कहा आपका आयुष्मान कार्ड बताओ, हमने कार्ड बताया तब जाकर आयुष्मान पर इलाज किया गया जिसका एसएमएस भी हमको ६५ हजार का आया है ।कलेक्टर महोदय से हामारी यही गुजारिश है कि हम गरीब लोग बहुत परेशान हुए है

### आतिशबाजी ढोल धमाकों के साथ स्वागत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खंडवा

खंडवा आशापुर में गांव के किसान एवं वशिष्ठ कांग्रेस नेता वसंत पवार नर्मदा परिक्रमा पर गए थे उनके गांव आशापुर में लौटने पर धूमधाम से स्वागत किया गया आतिशबाजी ढोल धमाकों के साथ उनका स्वागत किया गया यहां पर आए सभी अतिथियों को मां नर्मदा की फोटो देखकर सम्मानित भी किया गया और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया

# नेपा मिल के लिए दिल्ली में जोरदार प्रयास, केंद्रीय मंत्रियों से मिले प्रतिनिधिमंडल



### सांसद पाटिल के नेतृत्व में एचडी कुमारस्वामी और रामदास आठवले से हुई महत्वपूर्ण चर्चा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नेपानगर/दिल्ली

नेपा मिल को लेकर दिल्ली में पहल तेज हो गई है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले और केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी से मुलाकात कर मिल से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के नेतृत्व में हुई इस मुलाकात में प्रतिनिधिमंडल ने नेपा मिल को सतत रूप से चालू रखने, स्थानीय स्तर पर रोजगार बनाए रखने तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण का विषय प्रमुखता से रखा। चर्चा के दौरान बताया गया कि नेपा मिल के अधिकारी और कर्मचारी पिछले 14 माह से वेतन भुगतान से वंचित हैं, जिससे कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही 2007 एवं 2017 से लंबित वेतनमान लागू किए जाने की मांग भी रखी गई। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि नेपा मिल से संबंधित प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है और कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित मंत्रालयों के साथ समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसी कड़ी में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी से हुई मुलाकात में नेपा मिल के पुनरुद्धार, उत्पादन प्रक्रिया को गति देने तथा कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति में सुधार को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

# बैराज निर्माण से क्षेत्र में जल उपलब्धता बढ़ेगी : मंत्री श्री चौहान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर

अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है जल संरक्षण एवं सिंचाई परियोजनाएं किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगी। मंत्री श्री चौहान गुरुवार को आलीराजपुर जिले के कट्ठीवाड़ा ब्लॉक के ग्राम मोरिया में मोरिया गांव बैराज निर्माण कार्य के भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री चौहान ने कहा कि इन दोनों जल संरचनाओं से क्षेत्र में जल उपलब्धता बढ़ेगी, सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ होगी

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री अरविंद जैन पिता श्री राजकुमार जैन निवासी राजवाड़ा इंदौर से, उनके स्वत्व, स्वामित्व और आधिपत्य की ग्राम चिकली, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन स्थित 1.430 हेक्टर कृषि भूमि जिसके सर्वे क्रमांक 30/3 एवं 30/4 हैं, जो कि प्रधानमंत्री सड़क पर स्थित है को क्रय करने का अनुबंध कर, बयाना राशि भुगतान कर दी है। अब सिर्फ बकाया राशि का भुगतान व विक्रय-पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन होना शेष है। यदि उक्त कृषि भूमि पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्थान आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार आदि बकाया हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 15 दिवस की अवधि में मुझे मेरे कार्यालय में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा 15 दिन पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन श्री अरविंद जैन पिता श्री राजकुमार जैन निवासी राजवाड़ा इंदौर से अपने हित में करवा लिया जाएगा, इसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उम्र या आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक : 08/02/2026

**एडवोकेट आयुष गुप्ता**
**कार्यालयः ऑफिस नंबर 11, 2 फ्लोर,**
**तुलसी कॉम्प्लेक्स, टॉवर चौक,**
**अंबेडकर प्रतिमा के पीछे, फ्रीगंज उज्जैन मोबाइलः 9685166155**



## सिंगल्स इन्फर्नो सीजन 5 में किम मिन-गी पर टॉक्सिक होने के आरोप

नेटफ्लिक्स के लोकप्रिय कोरियन रियलिटी शो सिंगल्स इन्फर्नो सीजन 5 अपने फिनाले की ओर बढ़ रहा है और जैसे-जैसे आखिरी एपिसोड नजदीक आ रहे हैं, शो से जुड़ा हर घटनाक्रम सोशल मीडिया पर तीखी बहस का विषय बनता जा रहा है। हालिया एपिसोड में किम मिन-गी और चोई मीना-सू के बीच हुई भावनात्मक और तनावपूर्ण बातचीत ने दर्शकों को दो हिस्सों में बांट दिया है। इस टकराव के बाद जहां मीना-सू को आंसुओं में देखा गया, वहीं किम मिन-गी को लेकर सोशल मीडिया पर टॉक्सिक व्यवहार के आरोप लगने लगे, जिससे शो को लेकर चचाएं और तेज हो गई हैं।

नए एपिसोड में दिखाया गया कि किम मिन-गी ने चोई मीना-सू से आमने-सामने बातचीत की, जिसमें उन्होंने मीना-सू के अन्य पुरुष प्रतिभागियों के साथ संबंधों को लेकर सवाल उठाए। मिन-गी ने सीधे तौर पर मीना-सू से पूछा कि वह एक ही समय में स्युंग-इल, सु-बीन और सुंग-हुन के प्रति रुचि क्यों दिखा रही हैं। बातचीत के दौरान मिन-गी का लहजा कई दर्शकों को कठोर और असंवेदनशील लगा। कैमरे पर यह साफ नजर आया कि बातचीत का असर मीना-सू पर गहरा पड़ा और अंततः वह भावुक होकर रोने लगीं। यह दृश्य सामने आते ही सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई। एपिसोड के प्रसारण के कुछ ही घंटों बाद रेडिट, एक्स और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर दर्शकों ने अपनी नाराजगी जाहिर करनी शुरू कर दी। एक रेडिट यूजर ने मिन-गी इज टॉक्सिक शीर्षक से एक लंबी पोस्ट लिखते हुए उन पर जरूरत से ज्यादा पजेसिव और कंट्रोलिंग होने का आरोप लगाया। पोस्ट में लिखा गया कि शो के कॉन्सेप्ट के हिसाब से सभी कंटेस्टेंट्स को अलग-अलग लोगों से बात करने और कनेक्शन बनाने की आजादी है, ऐसे में इस तरह की पूछताछ अनुचित है। कई यूजर्स ने इस बात से सहमति जताई और मिन-गी के व्यवहार को असभ्य और असंवेदनशील बताया।

# आलिया भट्ट और राजकुमार राव की पहली बार बनेगी जोड़ी

हाउसवाइफ में साथ आ सकते हैं नजर, इसी साल शुरू होगी शूटिंग







आलिया भट्ट इन दिनों एक्शन फिल्म अल्फा और पीरियड रोमांस लव एंड वार को लेकर चर्चा में हैं। अब खबर है कि एक्ट्रेस जल्द ही हाउसवाइफ का हिस्सा भी होंगी। यह एक रिश्तों पर आधारित ड्रामा फिल्म है और इसे दृश्यम 2 के निर्देशक अभिषेक पाठक प्रोड्यूस कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, आलिया भट्ट फिल्म में हाउसवाइफ का किरदार निभाएंगी। फिल्म में लीड एक्टर के तौर पर राजकुमार राव से बातचीत चल रही है, लेकिन अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

रिपोर्ट के अनुसार, आलिया भट्ट केवल मुख्य भूमिका निभाएंगी ही नहीं, बल्कि अपनी प्रोडक्शन कंपनी, एटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस के तहत इस फिल्म की को-प्रोड्यूसर भी होंगी। वह इस प्रोजेक्ट में अभिषेक पाठक की पैनोरमा स्टूडियोज के साथ भी सहयोग करेंगी।

फिल्म की शूटिंग इस साल अगस्त-सितंबर में शुरू होने की संभावना है। यह प्रोजेक्ट तब शुरू होगा जब अभिषेक पाठक अपनी नई फिल्म दृश्यम 3 की शूटिंग पूरी कर लेंगे।

इसके अलावा आलिया भट्ट 2027 के लिए कई अन्य प्रोजेक्ट्स पर भी बातचीत कर रही हैं, जिनमें मैडॉक फिल्म्स की हॉरर-कॉमेडी फिल्म चामुंडा भी शामिल है। आलिया की अगली फिल्म अल्फा होगी, जो शिव रावल के निर्देशन में बनने वाला एक हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर है। इस फिल्म में वह एलिट ऑल-वुमेन कॉम्बैट यूनिट की कमांडिंग ऑफिसर का किरदार निभाएंगी, जिसमें उनके साथ शर्वरी वाघ भी हैं। यह फिल्म वायआरएफ स्पाय यूनिवर्स में सेट की गई है और इसमें बॉबी देओल भी अहम भूमिका में होंगे। यह फिल्म कब रिलीज होगी इसको लेकर अब तक कोई भी ऑफिशियल जानकारी सामने नहीं आई है। इसके अलावा आलिया भट्ट को फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वार में रणबीर कपूर और विक्की कौशल के साथ भी देखा जाएगा। उन्हें आखिरी बार वासन बाला की जिगरा में अभिनेता वेदांग रैना के साथ स्क्रीन पर देखा गया था।



## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी कार्यक्रम में पहुंचे सलमान खान

### मुंबई में आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत के संबोधन के दौरान दिखे बॉलीवुड सुपरस्टार

बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान आज मुंबई में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी समारोह के तहत आयोजित व्याख्यानमाला कार्यक्रम में पहुंचे। यह कार्यक्रम संघ की 100 साल की यात्रा और भविष्य की सोच पर आधारित है।

सलमान ने नेहरू सेंटर ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। उन्होंने डार्क ब्लू शर्ट और कूल लुक में मीडिया कैमरों के सामने एंट्री दी, जिसे वहां मौजूद लोगों ने खूब नोटिस किया। कार्यक्रम के पहले सत्र में आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने संघ की 100 साल पुरानी यात्रा, उसकी भूमिका और संगठन के विचारों पर विस्तार से बोलते हुए कहा कि संघ का काम देश और समाज के विकास के लिए समर्पित है, न कि किसी के खिलाफ।

इस व्याख्यानमाला के लिए संघ द्वारा कुल 1208 अतिथियों को आमंत्रण भेजा गया, जिनमें से लगभग 850 से अधिक गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम में शामिल हुए। समारोह में कई अन्य नामी हस्तियों को भी बुलाया गया है, जिसमें फिल्म निमार्ता सुभाष घई और गीतकार, कवि व लेखक प्रसून जोशी भी मौजूद रहे। आरएसएस के 2-दिन के इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता, विचारक और आम जनता के लोग शामिल हैं। यह आयोजन संघ की शताब्दी वर्ष की खास गतिविधियों में से एक है, जिसका उद्देश्य संगठन की सोच, इतिहास और भविष्य के एजेंडे पर व्यापक चर्चा करना है।

# मिर्ज़ापुर द फिल्म की शूटिंग पूरी

कालीन भैया और गुड्डू भैया बड़े पर्दे पर मचाने आ रहे हैं धमाल






भारत की सबसे लोकप्रिय और चर्चित क्राइम-थ्रिलर वेब सीरीज मिजार्पुर अब ओटीटी की दुनिया से निकलकर बड़े पर्दे पर अपना जलवा बिखेरने के लिए पूरी तरह तैयार है। अमेजन एमजीएम स्टूडियोज और एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत मिर्ज़ापुर द फिल्म की शूटिंग आधिकारिक रूप से पूरी हो चुकी है। निमार्ताओं ने इस बहुप्रतीक्षित फिल्म के रैप होने की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए साझा की है, जिसके बाद से फैंस के बीच उत्साह चरम पर पहुंच गया है। कालीन भैया, गुड्डू भैया और मुन्ना त्रिपाठी को एक बार फिर सिल्वर स्क्रीन पर देखने की खबर ने दर्शकों की बेसब्री और बढ़ा दी है।

मिर्ज़ापुर ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपनी दमदार कहानी, बेबाक संवादों और ताकतवर किरदारों के दम पर एक अलग ही पहचान बनाई है। अब इसी फ्रैंचाइजी का फिल्मी अवतार दर्शकों के सामने आने जा रहा है। जब से मिर्ज़ापुर द फिल्म का ऐलान हुआ था, तभी से दर्शक इसे लेकर बेहद उत्साहित हैं। फिल्म की शूटिंग पूरी होने की पुष्टि करते हुए निमार्ताओं ने फ्रैंचाइजी के आइकॉनिक और रोमांचक थीम म्यूज़िक के साथ एक पोस्ट साझा किया, जिसमें कैप्शन लिखा गया था, इस पोस्ट के सामने आते ही सोशल मीडिया पर फैंस की प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई।

मिर्ज़ापुर द फिल्म को पुनीत कृष्णा ने प्रोड्यूस किया है, जबकि इसका निर्देशन गुरमीत सिंह ने किया है। यह फिल्म मिर्ज़ापुर की उसी कच्ची, हिंसक और सत्ता की लड़ाई से भरी दुनिया को बड़े पर्दे पर पेश करेगी, जिसने वेब सीरीज को सुपरहिट बनाया था। फिल्म में वही किरदार और वही टकराव देखने को मिलेगा, जिसे दर्शक वर्षों से पसंद करते आ रहे हैं। खास बात यह है कि फिल्म में मिर्ज़ापुर के लगभग सभी लोकप्रिय और अहम किरदार नजर आने वाले हैं।

फिल्म में कालीन भैया के दमदार किरदार में एक बार फिर पंकज त्रिपाठी दिखाई देंगे, जिनका अभिनय इस फ्रैंचाइजी की जान माना जाता है। वहीं गुड्डू पंडित के रोल में अली फजल और मुन्ना त्रिपाठी के आइकॉनिक किरदार में दिव्येंदु शर्मा भी दर्शकों को फिर से रोमांचित करने वाले हैं। इनके अलावा अभिषेक बनर्जी जैसे कलाकार भी फिल्म में अहम भूमिका निभाते नजर आएंगे। फैंस खासतौर पर मुन्ना भैया के किरदार को बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं, जो वेब सीरीज में अपनी अलग पहचान बना चुका है।

मिर्ज़ापुर द फिल्म को लेकर चर्चा इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि यह भारत की सबसे बड़ी क्राइम-थ्रिलर ओटीटी फ्रैंचाइजी का फिल्मी संस्करण है। यही वजह है कि इस फिल्म ने ऑरमैक्स सिनेमैटिक्स की मोस्ट अवेटेड हिंदी फिल्मों की सूची में भी अपनी जगह बना ली है। फिल्म को लेकर ट्रेड एनालिस्ट्स का मानना है कि इसकी रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त ओपनिंग देखने को मिल सकती है, क्योंकि मिर्ज़ापुर का फैन बेस देश-विदेश में काफी बड़ा है।

ओटीटी से बड़े पर्दे तक का यह सफर मिर्ज़ापुर के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है। वेब सीरीज के रूप में जिस तरह मिर्ज़ापुर ने भारतीय डिजिटल कंटेंट की दिशा बदली, उसी तरह फिल्म के जरिए यह फ्रैंचाइजी सिनेमा हॉल्स में भी अपना असर दिखाने की तैयारी में है। निमार्ताओं का दावा है कि फिल्म में कहानी को और ज्यादा बड़े स्तर पर, ज्यादा इंटेंस और सिनेमाई अंदाज में पेश किया जाएगा, ताकि दर्शकों को एक नया अनुभव मिल सके।

- मिर्ज़ापुर द फिल्म की रिलीज साल 2026 में होने वाली है, हालांकि इसकी सटीक रिलीज डेट का अभी आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है। लेकिन शूटिंग पूरी होने की खबर के बाद यह साफ हो गया है कि फिल्म अब पोस्ट-प्रोडक्शन के चरण में प्रवेश कर चुकी है। आने वाले दिनों में फिल्म से जुड़े टीजर, ट्रेलर और अन्य अपडेट्स भी सामने आ सकते हैं।
- फिलहाल मिर्ज़ापुर के चाहने वालों के लिए यह खबर किसी उत्सव से कम नहीं है। कालीन भैया की सख्त नजर, गुड्डू भैया का गुस्सा और मुन्ना त्रिपाठी की सनक अब बड़े पर्दे पर देखने को मिलेगी। मिर्ज़ापुर द फिल्म के साथ एक बार फिर सत्ता, बदले और खून-खराबे की कहानी सिनेमाघरों में गूंजने को तैयार है।

## भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में जीत से की शुरूआत, यूएसए को 29 रन से हराया

# सूर्या ने कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा

### सबसे ज्यादा बार प्लेयर ऑफ द अवॉर्ड जीते यूएसए ने 3 कैच छोड़े

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में जीत से शुरूआत की है। कप्तान सूर्या ने न सिर्फ मैच जिताऊ पारी खेली, बल्कि विराट कोहली का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। वे टी-20 में सबसे ज्यादा बार प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने वाले भारतीय बन गए।

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए शनिवार के आखिरी मुकाबले में भारत ने यूएसए को 29 रन से हराया। वरअ ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी, लेकिन उनकी फील्डिंग ने मैच का रुख पलट दिया। अमेरिकी खिलाड़ियों ने तीन अहम कैच छोड़ दिए। भारत ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 162 रन बनाए, जिसमें सूर्यकुमार यादव ने 49 गेंदों पर नाबाद 84 रन बनाए। 162 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वरअ की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 132 रन ही बना सकी। सूर्या ने कप्तान के तौर पर अपना 8वां टी-20क अर्धशतक लगाया और इसी के साथ बतौर कप्तान टी-20 इंटरनेशनल में 1000 रन भी पूरे कर लिए।



- **सूर्या ने 17वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीता-** टी-20 क्रिकेट में प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड के मामले में सूर्यकुमार यादव अब भारत के लिए सबसे आगे पहुंच गए हैं। उन्होंने 17वीं बार यह अवॉर्ड जीतते ही विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिनके नाम 16 अवॉर्ड दर्ज थे।
- इस लिस्ट में रोहित शर्मा 14 के साथ तीसरे, अक्षर पटेल 8 के साथ चौथे और जसप्रीत बुमराह 7 अवॉर्ड के साथ पांचवें स्थान पर हैं। रोहित शर्मा के बाद सूर्या दूसरे भारतीय कप्तान बने, जिन्हें टी-20 वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड मिला।
- **भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार 9 मैच जीते-** टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत का सिलसिला जारी है। टीम लगातार 9 मैच जीतकर इस मामले में टॉप पर पहुंच गई हैं। इससे पहले साउथ अफ्रीका (2024) और ऑस्ट्रेलिया (2022-2024) भी लगातार 8 मैच जीत चुकी हैं।
- **सूर्या ने 7वीं बार एक ओवर में 20+ रन बनाए-** टी-20 में सूर्यकुमार यादव ने सातवीं बार एक ओवर में 20 या उससे ज्यादा रन बटोरे और इस मामले में भारत के लिए सबसे आगे पहुंच गए। सूर्यकुमार ने रोहित शर्मा (6 बार) को पीछे छोड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की।



- **रोहित शर्मा और जय शाह ट्रॉफी लेकर आए-** मैच से पहले पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और क्उउ अध्यक्ष जय शाह टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी लेकर मैदान में पहुंचे। रोहित शर्मा इस वर्ल्ड कप के ब्रांड एम्बेस्डर भी हैं। उन्होंने 2024 में भारत को चैंपियन बनाया था। रोहित ने कहा- एम्बेसडर बनना मेरे लिए बड़ा सम्मान है। ट्रॉफी को फिर हाथ में पकड़ना शानदार एहसास देता है।
- **बादशाह-नोरा ने परफॉर्म किया-** ओपनिंग सेरेमनी की शुरूआत में सिंगर ऋषभ शर्मा ने परफॉर्म किया। इसके बाद वर्ल्ड कप ट्रॉफी की एंट्री जेटपैक परफॉर्मर से हुई। फैंस के लिए सबसे यादगार पल तब आया जब रैपर बादशाह और एंटरटेनर नोरा फतेही ने स्टेज संभाला। दोनों की धमाकेदार परफॉर्मेंस के साथ ग्रैंड ओपनिंग हुई।

## दिन का पहला मैच न्यूजीलैंड-अफगानिस्तान के बीच होगा




ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेन्नई

टी-20 वर्ल्ड का चौथा मैच आज न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के बीच चेन्नई में होगा। मैच सुबह 11:00 बजे से खेला जाएगा, जिसका टॉस सुबह 10:30 बजे होना है। यह ग्रुप-डी का पहला मैच होगा।

न्यूजीलैंड ने वॉर्म अप मैच में वरअ को 7 रन से हराया। हालांकि, वर्ल्ड कप से पहले कीवी टीम को भारत के खिलाफ 4-1 से सीरीज हार झेलनी पड़ी। दूसरी तरफ अफगानिस्तान ने वेस्टइंडीज को प्रैक्टिस मैच में 23 रन से हराया था।

टी-20 इंटरनेशनल में अब तक दोनों टीमों के बीच 3 मुकाबले खेले गए हैं। अफगानिस्तान को 1 मैच में जीत मिली है और न्यूजीलैंड ने भी 1 मैच जीता है। 1 मुकाबला रद्द रहा है। दोनों टीमों के बीच आखिरी मुकाबला पिछले वर्ल्ड कप में खेला गया था। उस मैच को अफगानिस्तान ने 84 रन से अपने नाम किया था। अफगानिस्तान के 159 रन के जवाब में न्यूजीलैंड 75 रन पर ऑलआउट हो गया था।

न्यूजीलैंड टीम के लिए ग्लेन फिलिप्स बल्लेबाजी में अहम भूमिका निभाते हैं। वे टी-20 वर्ल्ड कप स्क्वॉड में टीम के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने अब तक 88 मैच में 2105 रन बनाए हैं, जिसमें उनका हाई स्कोर 108 रन रहा है। उनके अलावा डेरिल मिचेल भी शानदार फॉर्म में हैं और पिछले 10 मैचों में उन्होंने सबसे ज्यादा 207 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में ईश सोढी टीम की बड़ी ताकत हैं। उन्होंने 137 मैचों में 162 विकेट झटके हैं।

## भारत वर्ल्डकप का प्रबल दावेदार

### टूर्नामेंट जीतने के लिए बॉलिंग यूनिट का मजबूत होना जरूरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

टी-20 वर्ल्ड कप को लेकर वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी और दिग्गज कमेंटेटर और इयान बिशप ने अहम बातें कही हैं। उनका मानना है कि इस वर्ल्ड कप में सिर्फ पावर-हिटिंग नहीं, बल्कि गेंदबाजी की गहराई भी असली अंतर पैदा करेगी।

आईसीसी एक्सपर्ट बिशप के मुताबिक वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमें बल्लेबाजी में तो बेहद ताकतवर हैं, लेकिन खिताब जीतने के लिए बॉलिंग यूनिट का मजबूत होना जरूरी है। पेसर्स को वैरिएशन पर भरोसा करना होगा जियोस्टार मीडिया डे के सबकॉन्टिनेंट की परिस्थितियों पर बात करते हुए बिशप ने कहा, यहां तेज गेंदबाजों के लिए सबसे बड़ी चुनौती छोटे मैदान और फ्लैट पिचें हैं। ऐसे में उन्हें यॉर्कर, स्लोअर बॉल, कटर और वैरिएशन पर भरोसा करना होगा। साथ ही कहा, बॉलर्स यहां ज्यादा रन खा सकते हैं, लेकिन आत्मविश्वास बनाए रखना बेहद जरूरी है। टीम इंडिया प्रबल दावेदार भारत को लेकर बिशप ने कहा, भारत सबसे प्रबल दावेदार है। वे मौजूदा चैंपियन हैं, अपनी शानदार फॉर्म के कारण वर्ल्ड की टॉप रैंकिंग वाली टीम हैं, उनके पास बेस्ट बैकअप टीम है। वर्ल्ड के टॉप स्पिनर हैं और जसप्रीत बुमराह, अभिषेक शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ी हैं, और वे अपने घरेलू मैदान पर खेल रहे हैं।

## धोनी बोले- भारत की यह टीम सबसे खतरनाक, ओस से सबसे ज्यादा नफरत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

महेंद्र सिंह धोनी ने टी-20 वर्ल्ड कप से पहले मौजूदा भारतीय टीम की जमकर तारीफ की है, लेकिन साथ ही खिलाड़ियों को बाहरी हालात को लेकर सतर्क रहने की सलाह भी दी है। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान ने साफ कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा को वर्ल्ड कप खेलना चाहिए, क्योंकि उनके लिए उम्र कभी भी मापदंड नहीं हो सकती।

भारत टी-20 वर्ल्ड कप का डिफेंडिंग चैंपियन है और टूर्नामेंट की शुरूआत 7 फरवरी से होने जा रही है। इस बीच क्रिकेट कमेंटेटर जतिन सप्रू ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में धोनी एक कार्यक्रम के दौरान कहते नजर आ रहे हैं कि भारतीय टीम इस समय दुनिया की सबसे खतरनाक टीमों में से एक है। उन्होंने कहा, एक मजबूत टीम में जो भी गुण होने चाहिए, वे सभी इस टीम में मौजूद हैं और खासकर इस फॉर्मेट में टीम के पास काफी अनुभव है। उम्र कोई पैमाना नहीं इवेंट के दौरान जब धोनी से रोहित और विराट की बढ़ती उम्र और 2027 वर्ल्ड कप को लेकर सवाल किया गया तो इस पर धोनी ने कहा, सबसे पहली बात यह है कि कोई भी खिलाड़ी अगले वर्ल्ड कप में क्यों नहीं खेलना चाहेगा। मेरे मुताबिक सिलेक्शन के लिए परफॉर्मेंस और फिटनेस क्राइटेरिया हैं, उम्र नहीं।

धोनी ने आगे कहा कि हमेशा यह भावना रहनी चाहिए कि किसी खिलाड़ी को अलग से कुछ बताने की जरूरत न पड़े और सभी के साथ समान व्यवहार हो। उन्होंने अपने करियर का उदाहरण देते हुए कहा कि जब उन्होंने डेब्यू किया था तब वह 24 साल के थे और चाहे कोई खिलाड़ी भारत के लिए एक साल खेले, दो साल या 10-20 साल तक, किसी को आकर उसकी उम्र बताने की जरूरत नहीं है।

**ओस से बचकर रहना होगा-** भारत में होने वाले मुकाबलों में ओस का रोल काफी अहम होता है। रात होने के साथ ओस आने की वजह से बैटिंग आसानी हो जाती है और गेंदबाजों को परेशानी होती है। ऐसे में रन चेज आसान हो जाता है। धोनी ने कहा, भारतीय टीम में शामिल खिलाड़ियों ने दबाव में अच्छा प्रदर्शन किया है। मुझे जो चीज परेशान करती है, वह यह है कि मुझे ओस से नफरत है।

**महिला कारीगर की आवश्यकता है**
हैंडमेड ज्वैलरी बनाने हेतु शीघ्र 4 महिला कारीगर की आवश्यकता है।
**समय :-** 2 से 7 बजे तक (3 से 4 घंटे रोज)
**वेतन:-** कार्य करने पर निर्भर (10 हजार+)
ऐसी महिला कारीगर की आवश्यकता है जो एंब्रॉयडरी, सिलाई, बुनाई जैसे काम में कार्यरत हो।
**कॉल 7424877834**
संपर्क सुबह 10 से शाम 6 तक केवल

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

आरबीआई एमपीसी का फैसला

# छोटे कारोबारियों को बिना गारंटी 20 लाख तक का कर्ज



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक ने एमएसई के लिए बिना गारंटी ऋण सीमा 10 लाख से बढ़ाकर ?20 लाख कर दी है, जो 1 अप्रैल 2026 से लागू होगी। साथ ही, बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट और किसान क्रेडिट कार्ड नियमों में सुधार का प्रस्ताव है, जिससे कर्ज और बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ेगी। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सूक्ष्म व लघु उद्यमों (एमएसई) के लिए बिना गारंटी (कोलैटरल-फ्री) ऋण की सीमा ?10 लाख से बढ़ाकर ?20 लाख करने की घोषणा की है। यह कदम औपचारिक ऋण तक बेहतर पहुंच, उद्यमिता को प्रोत्साहन और अंतिम छोर तक क्रेडिट डिलीवरी मजबूत करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

गवर्नर ने चालू वित्त वर्ष की छठी और अंतिम द्वैमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा के दौरान बताया कि यह प्रावधान 1 अप्रैल 2026 से या उसके बाद स्वीकृत या नवीनीकृत सभी एमएसई ऋणों पर लागू होगा। इस संबंध में विस्तृत निर्देश जल्द जारी किए जाएंगे।

**बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट्स पर नियमों की समीक्षा-** उन्होंने कहा कि बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट्स गांवों, दूरदराज और वंचित इलाकों तक बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं पहुंचाने में बहुत अहम भूमिका निभा रहे हैं। उनकी कामकाज की व्यवस्था को बेहतर ढंग से समझने और सुधारने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक, वित्तीय सेवाएं विभाग, भारतीय बैंक संघ और राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अधिकारियों की एक समिति बनाई गई थी। इस समिति की सिफारिशों के आधार पर नियमों की समीक्षा की जा रही है।

आज के डिजिटल दौर में स्मार्टफोन लोगों की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका लेकिन

# खतरनाक ऐप्स चुपचाप चुरा रहे निजी डेटा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आज के डिजिटल दौर में स्मार्टफोन लोगों की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। निजी फोटो, बैंकिंग जानकारी, चैट, दस्तावेज और कई संवेदनशील जानकारियां अब मोबाइल फोन में ही सुरक्षित रखी जाती हैं। लेकिन तकनीकी विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि कुछ सामान्य और लोकप्रिय मोबाइल ऐप्स उपयोगकर्ताओं का निजी डेटा चोरी कर सकते हैं। हाल ही में सामने आई रिपोर्ट्स के अनुसार फ्री वीपीएन, क्लीनर, फ्लैशलाइट और फोटो एडिटिंग ऐप्स जैसे कई एप्लिकेशन उपयोगकर्ताओं की निजी जानकारी को बिना जानकारी के एक्सेस कर रहे हैं और इसे थर्ड पार्टी सर्वर पर भेज सकते हैं।

तकनीकी विशेषज्ञों का कहना है कि स्मार्टफोन में इंस्टॉल किए गए ऐप्स के जरिए डेटा लीक का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। कई बार लोग बिना सोचे समझे ऐप्स को सभी परमिशन दे देते हैं, जिससे उनकी निजी जानकारी खतरे में पड़ सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार ऐप इंस्टॉल करते समय मांगी जाने वाली अनुमति को ध्यान से पढ़ना बेहद जरूरी है क्योंकि यही डेटा सुरक्षा का पहला कदम होता है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि फ्री वीपीएन ऐप्स सबसे ज्यादा जोखिम वाले माने जा रहे हैं। वीपीएन का इस्तेमाल इंटरनेट ब्राउजिंग को सुरक्षित और निजी बनाने के लिए किया जाता है, लेकिन मुफ्त वीपीएन सेवाएं कई बार उपयोगकर्ताओं की ब्राउजिंग हिस्ट्री और ऑनलाइन गतिविधियों को अपने सर्वर पर स्टोर कर लेती हैं। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ फ्री वीपीएन कंपनियां उपयोगकर्ताओं के डेटा को विज्ञापन कंपनियों या अन्य एजेंसियों को बेच सकती हैं। इससे न केवल प्राइवेसी प्रभावित होती है बल्कि साइबर फ्रॉड का खतरा भी बढ़ सकता है।

इसके अलावा फ्लैशलाइट और क्लीनर जैसे साधारण दिखने वाले ऐप्स भी डेटा सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि आजकल लगभग सभी स्मार्टफोन में फ्लैशलाइट फीचर पहले से मौजूद होता है, लेकिन कई लोग अलग से फ्लैशलाइट ऐप डाउनलोड कर लेते हैं। ये ऐप्स अक्सर फोन की स्टोरेज, कॉन्टैक्ट्स और अन्य निजी जानकारी तक पहुंच मांगते हैं, जिसकी वास्तव में जरूरत नहीं होती। इसी तरह क्लीनर और बूस्टर ऐप्स फोन की स्पीड बढ़ाने और स्टोरेज साफ करने का दावा करते हैं, लेकिन कई बार ये संवेदनशील डेटा तक पहुंच बना लेते हैं।

तकनीकी जानकारों ने यह भी बताया कि कई ऐप्स उपयोगकर्ताओं को आकर्षित करने के लिए मुफ्त सेवाएं देते हैं। हालांकि इन ऐप्स की कमाई का मुख्य जरिया उपयोगकर्ताओं का डेटा होता है। कई बार लोग मुफ्त सेवा के लालच में ऐप डाउनलोड कर लेते हैं और अनजाने में अपनी निजी जानकारी साझा कर देते हैं।

डेटा सुरक्षा विशेषज्ञों ने उपयोगकर्ताओं को कुछ महत्वपूर्ण सावधानियां बरतने की सलाह दी है। सबसे पहले केवल भरोसेमंद और आधिकारिक ऐप स्टोर से ही ऐप डाउनलोड करना चाहिए। अज्ञात स्रोतों से ऐप डाउनलोड करने से डेटा चोरी का खतरा बढ़ सकता है। इसके अलावा ऐप इंस्टॉल करने से पहले उसके रिव्यू और रेटिंग जरूर देखनी चाहिए।



- फोटो एडिटिंग, फेस फिल्टर और वीडियो एडिटिंग ऐप्स भी डेटा चोरी के मामले में चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। सोशल मीडिया के बढ़ते ट्रेंड के कारण लोग बड़ी संख्या में इन ऐप्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ फेस फिल्टर और एडिटिंग ऐप्स उपयोगकर्ताओं के चेहरे का डेटा कैप्चर कर अपने सर्वर पर भेज सकते हैं। यह डेटा भविष्य में गलत तरीके से इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे पहचान चोरी या डिजिटल फ्रॉड का खतरा बढ़ सकता है।
- साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों के अनुसार सबसे बड़ी समस्या यह है कि कई ऐप्स जरूरत से ज्यादा परमिशन मांगते हैं। उदाहरण के तौर पर यदि कोई फोटो एडिटिंग ऐप उपयोगकर्ता के मैसेज, कॉल लॉग या माइक्रोफोन तक पहुंच मांगता है तो यह संदिग्ध माना जा सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि उपयोगकर्ताओं को ऐसे ऐप्स से सावधान रहना चाहिए और केवल जरूरी परमिशन ही देनी चाहिए।

- विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि उपयोगकर्ताओं को अपने फोन में इंस्टॉल ऐप्स की समय-समय पर जांच करनी चाहिए। जिन ऐप्स का उपयोग नहीं किया जा रहा है या जो जरूरत से ज्यादा परमिशन मांग रहे हैं, उन्हें तुरंत हटा देना चाहिए। इसके अलावा फोन की सेटिंग में जाकर ऐप परमिशन को मैन्युअली कंट्रोल करना भी जरूरी माना जाता है।
- साइबर सुरक्षा एजेंसियों ने यह भी चेतावनी दी है कि डेटा चोरी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। कई बार चोरी हुआ डेटा साइबर अपराधियों के हाथ लग जाता है, जिससे बैंकिंग फ्रॉड, पहचान चोरी और ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसी घटनाएं बढ़ सकती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि डिजिटल सुरक्षा के लिए उपयोगकर्ताओं को जागरूक होना बेहद जरूरी है।
- टेक्नोलॉजी विशेषज्ञों का मानना है कि स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं को सुविधा देने के साथ-साथ कई जोखिम भी लेकर आते हैं। इसलिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते समय सतर्क रहना जरूरी है। किसी भी ऐप को बिना समझे सभी परमिशन देना भविष्य में गंभीर समस्या बन सकता है।
- सोशल मीडिया पर भी इस मुद्दे को लेकर चर्चा तेज हो गई है। कई यूजर्स ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया है कि कुछ ऐप्स इंस्टॉल करने के बाद फोन में अनचाहे विज्ञापन और संदिग्ध गतिविधियां बढ़ गई थीं। इसके बाद उन्होंने ऐसे ऐप्स को हटाकर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित की।
- कुल मिलाकर विशेषज्ञों का कहना है कि स्मार्टफोन का सुरक्षित उपयोग ही डेटा सुरक्षा का सबसे प्रभावी तरीका है। उपयोगकर्ताओं को केवल वही ऐप्स इंस्टॉल करने चाहिए जो वास्तव में जरूरी हों और जिनकी विश्वसनीयता साबित हो चुकी हो। तकनीकी सावधानी और जागरूकता के जरिए ही निजी जानकारी को सुरक्षित रखा जा सकता है। लगातार बढ़ते डिजिटल खतरे के बीच यह जरूरी हो गया है कि लोग अपने डेटा की सुरक्षा को प्राथमिकता दें और किसी भी संदिग्ध ऐप से दूरी बनाए रखें।

पीएमओ के अधिकारी ने सरकारी कंपनियों को दी यह सलाह

# सीपीएसई सिर्फ देश नहीं, दुनिया में करें मुकाबला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पीएमओ के प्रधान सचिव पी.के. मिश्रा ने सरकारी कंपनियों को दिया 'ग्लोबल' मंत्र। उन्होंने कहा है कि एफटीए के दौर में अब अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के लिए उन्हें तैयार रहना चाहिए। पढ़ें 'दक्ष' प्रोग्राम और रणनीतिक क्षेत्रों पर सरकार का पूरा विजन।

भारत की आर्थिक कूटनीति अब मुक्त व्यापार समझौतों और रणनीतिक साझेदारियों के जरिए वैश्विक एकीकरण की ओर बढ़ रही है। इस बदलते परिदृश्य में, केंद्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसई) को साफ-साफ संदेश दिया है कि उन्हें अब केवल घरेलू बाजार तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार रहना चाहिए। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा ने शुक्रवार को सरकारी कंपनियों के शीर्ष नेतृत्व को यह सलाह दी।

**प्रतिस्पर्धा और दक्षता का नया दौर-** नई दिल्ली में आयोजित 'दक्ष' नेतृत्व विकास कार्यक्रम के दूसरे बैच के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए पीके मिश्रा ने कहा कि वैश्वीकरण और आर्थिक सुधारों ने घरेलू और वैश्विक परिदृश्य को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि अब 'सार्वजनिक बनाम निजी क्षेत्र' की बहस पुरानी हो चुकी है। अब फोकस पूरी तरह से दक्षता , नवाचार और प्रतिस्पर्धात्मकता पर है। मिश्रा ने जोर देकर कहा, ₹जैसे-जैसे भारत मुक्त व्यापार समझौतों के जरिए वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ अपने संबंधों को गहरा कर रहा है, सीपीएसई को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए।




**रणनीतिक क्षेत्रों में सीपीएसई की भूमिका अहम-** पीके मिश्रा ने 2021 की सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम नीति का हवाला देते हुए याद दिलाया कि भले ही निजी क्षेत्र का विस्तार हो रहा है, लेकिन ऊर्जा, रक्षा, बुनियादी ढांचा और वित्त जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में सरकारी कंपनियां अब भी अनिवार्य हैं। इन क्षेत्रों में राष्ट्रीय हित, स्थिरता और लचीलापन सर्वोपरि है। उन्होंने यह भी कहा कि बाजार हमेशा सही नहीं होते, और ऐसे में सार्वजनिक उपक्रम 'संतुलन' बनाने और राष्ट्रीय सुरक्षा के हितों को साधने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**तकनीक और नवाचारः भविष्य की चाबी-** प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव ने तकनीकी बदलावों पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सीपीएसई को साइबर सुरक्षा, डेटा गवर्नेंस और एनर्जी ट्रांजिशन (ऊर्जा संक्रमण) जैसे क्षेत्रों में नेतृत्व करना चाहिए। भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) और यूपीआई (यूपीआई) की वैश्विक सफलता का उदाहरण देते हुए उन्होंने सरकारी कंपनियों से तकनीक-उन्मुख बनने का आह्वान किया।

**क्या है 'दक्ष' प्रोग्राम-** यह कार्यक्रम सीपीएसई के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए एक प्रमुख नेतृत्व विकास पहल है, जिसे 'मिशन कर्मयोगी' के तहत क्षमता निर्माण आयोग (सीबीसी) और स्कोप द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाता है।

**संरचनाः** यह 12 महीने का एक परिवर्तनकारी सफर है, जिसमें डिजिटल लर्निंग, क्लासरूम टीचिंग और अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर शामिल है।

**प्रतिभागीः** सीबीसी की सदस्य अलका मित्तल ने बताया कि पहले बैच में 73 अधिकारी प्रशिक्षित हुए थे, जबकि दूसरे बैच में 72 प्रतिभागी शामिल हैं। ये ऊर्जा, अंतरिक्ष, रक्षा, खनन और विनिर्माण जैसे विविध क्षेत्रों से आते हैं।

आठ कंपनियों को सेबी से आईपीओ लाने की मंजूरी

# भारत-ईयू एफटीए से वाहन कलपुर्जा कंपनियों को लाभ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सेबी ने इनक्रेड होल्डिंग्स और एलीवेट कैंपसेस सहित आठ कंपनियों को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये सामूहिक रूप से करीब 10,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए मंजूरी दे दी है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी पाने वाली अन्य कंपनियों में लेजर पावर एंड इन्फ्रा, सेडेमैक मेक्ट्रोनिक्स, आरडी इंडस्ट्रीज, आर्मी इन्फोटेक, आरवी इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स और शंकेश ज्वेलर्स शामिल हैं।

**आईडीबीआई बैंक : बिक्री के लिए मिलीं बोलियां-** निवेश एवं सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव अरुणीश चावला ने कहा, सरकार को आईडीबीआई बैंक के रणनीतिक विनिवेश के लिए वित्तीय बोलियां मिली हैं। निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप उनका मूल्यांकन होगा। आईडीबीआई बैंक के निजीकरण की प्रक्रिया तीन वर्षों लटकी है। सरकार ने अक्तूबर, 2022 में एलआईसी संग मिलकर आईडीबीआई बैंक में कुल 60.72 फीसदी हिस्सेदारी बेची थी।

**टाटा स्टील का लाभ कई गुना होकर 2,730 करोड़-** टाटा स्टील का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत मुनाफा कई गुना होकर 2,730.37 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, इस दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 57,503.49 करोड़ रुपये पहुंच गई।?एक साल पहले की समान अवधि में यह 53,869.33 करोड़ थी। टाटा स्टील देश की शीर्ष वैश्विक इस्पात कंपनियों में शामिल है, जिसकी वार्षिक कच्चा इस्पात उत्पादन क्षमता 3.5 करोड़ टन है। भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) एफटीए से दोनों पक्षों के बीच प्रतिस्पर्धी गतिशीलता और बाजार पहुंच के फिर से परिभाषित होने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा, एफटीए से भारतीय वाहन और कलपुर्जा निर्यात के लिए यूरोपीय बाजारों तक बेहतर पहुंच मिलेगी।

## भारत टैक्सी का एयरपोर्ट्स अथॉरिटी के साथ एग्रीमेंट, एयरपोर्ट पर तय दरों वाली कैब सर्विस शुरू होगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (AAI) ने हाल ही में लॉन्च हुई देश की पहली सरकारी कैब सर्विस भारत टैक्सी के साथ एग्रीमेंट साइन किया है। इसके तहत भारत टैक्सी देश के कई एयरपोर्ट्स पर कैब सेवाएं देगी।

AAI के चेयरमैन विपिन कुमार ने MoU का आदान-प्रदान किया। इस समझौते का मकसद एयरपोर्ट्स पर यात्रियों को सही किराया, तय दरों और सुरक्षित यात्रा उपलब्ध कराना है। भारत टैक्सी, सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड द्वारा संचालित एक ड्राइवर-ओनर्ड सेवा है, जिसमें टैक्सी चालक स्वयं कोऑपरेटिव के सदस्य होते हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, इस पहल से एयरपोर्ट पर कैब सेवाओं में पारदर्शिता, किराए की स्पष्टता और यात्री-अनुकूल अनुभव सुनिश्चित होगा। साथ ही, ड्राइवरों को भी संगठित प्लेटफॉर्म के जरिए स्थिर और सम्मानजनक रोजगार मिलेगा। AAI का कहना है कि यह साझेदारी यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के साथ-साथ समावेशी परिवहन मॉडल को बढ़ावा देगी। आने वाले समय में इस व्यवस्था को चरणबद्ध तरीके से विभिन्न एयरपोर्ट्स पर लागू किया जाएगा।

## मुंबई स्कूल में 5 साल की बच्ची से छेड़छाड़: चपरासी गिरफ्तार, स्कूल का CEO फरार

मुंबई के मालाड इलाके के एक स्कूल में 5 साल की बच्ची से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में स्कूल के चपरासी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि स्कूल का उएड फरार बताया जा रहा है। घटना कुछ दिन पहले स्कूल कैंपस में हुई थी। पुलिस के मुताबिक, बच्ची ने घटना की जानकारी अपनी मां को दी। इसके बाद मां ने स्कूल प्रशासन से आरोपी चपरासी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जब स्कूल प्रबंधन ने कोई कदम नहीं उठाया, तो पीड़िता की मां पुलिस के पास पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने चपरासी और स्कूल के उएड के खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोप है कि घटना के बाद भी स्कूल प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई नहीं की। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी चपरासी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और POCSO एक्ट की संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

## नासिक में नगर निगम ऑफिस में लिफ्ट का केबल टूटा, 18 लोग फंसे

महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव नगर निगम ऑफिस में शनिवार को बड़ा हादसा होते-होते टल गया। क्षमता से ज्यादा लोगों से भरी एक लिफ्ट का केबल टूट गया, जिससे वह पांचवी मंजिल से तेजी से नीचे आई और ग्राउंड और पहली मंजिल के बीच अटक गई।

लिफ्ट में क्ष्ठअट पार्टी के अध्यक्ष आसिफ शेख सहित 18 लोग सवार थे। हालांकि किसी को चोट नहीं आई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और नगर निगम के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने लिफ्ट का दरवाजा तोड़कर अंदर फंसे सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। लिफ्ट जमीन पर गिरती तो बड़ा हादसा हो सकता था। अधिकारी के मुताबिक, मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव के बाद क्ष्ठअट पार्टी के अध्यक्ष आसिफ शेख अपने समर्थकों के साथ चौथी मंजिल से बाहर निकल रहे थे। आसिफ शेख जैसे ही आम लिफ्ट में चढ़े, उनसे प्रतिक्रिया लेने के लिए कुछ पत्रकार भी लिफ्ट में आ गए। इसके बाद उनके और समर्थक भी अंदर घुस गए। लिफ्ट की क्षमता 10 लोगों की थी, लेकिन उसमें कुल 18 लोग सवार हो गए।

# कोटा में 3-मंजिला बिल्डिंग गिरी, स्टूडेंट समेत 2 की मौत: 13 घायल



## मलबे में दबे दिखे हाथ-पैर; घायल बोले- खाना खाते समय इमारत ढही

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोटा

राजस्थान के कोटा में शनिवार रात करीब 9 बजे एक 3 मंजिला बिल्डिंग ढह गई। मलबे में स्टूडेंट्स समेत कई लोग दब गए। हादसे में एक कोचिंग स्टूडेंट समेत 2 लोगों की की मौत हो गई, जबकि 8 घायल हॉस्पिटल में भर्ती है। 5 घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

तलवंडी में इमारत गिरने की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। हालात यह थे कि मलबे में दबे लोग चीख रहे थे, हमें बचा लो। किसी का हाथ बाहर दिख रहा था तो किसी का पैर। टीम देर रात तक मलबे में दबे लोगों को निकालने में जुटी रही। रेस्क्यू के दौरान बचाव दल का एक कर्मचारी भी घायल हो गया। मृतक कोचिंग स्टूडेंट की पहचान पश्चिम बंगाल निवासी आर्यन (20) के रूप में हुई है। सीएमएचओ नरेंद्र नागर के अनुसार-घायलों की पहचान सुदीता (30) निवासी कोटा, जबकि शालीन सुवास्या (25) निवासी कुन्हाड़ी, मोहम्मद जहांगीर (30) निवासी महावीर नगर,



भूपेंद्र (40) निवासी रंगबाड़ी, पूरब मीणा (24) निवासी जय हिंद नगर, बोरखेड़ा, तलव निवासी सुभाष नगर, नावेद (20) निवासी सुभाष नगर, रेस्टोरेंट मालिक मोहम्मद जहांगीर और मोहम्मद साबिर निवासी झारखंड के रूप में हुई। हादसे में रेस्क्यू टीम कर्मचारी रॉकी डेनियल भी घायल हो गए।

जिला कलेक्टर पीयूष सामरिया के अनुसार- तलवंडी इलाके में इस बिल्डिंग के अंदर एक रेस्टोरेंट चल रहा था। घटना के समय कुछ ग्राहक और रेस्टोरेंट में काम करने वाले 12 से 15 कर्मचारी मौजूद थे।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया- हमें आवाज आई जैसे पटाखे छूट रहे हों। हम तुरंत मौके पर पहुंचे। रात करीब 9 बजे के ब्लास्ट की आवाज आई और बिल्डिंग नीचे गिर गई। अंदर से बचाओ-बचाओ की आवाजें आ रही थी।

# मौसम: यूपी-बिहार में घना कोहरा, विजिबिलिटी 100 मीटर से कम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के 10 से अधिक जिलों में घना कोहरा देखने को मिला। प्रदेश में सबसे कम विजिबिलिटी 80 मीटर बहराइच में दर्ज की गई। बिहार के गोपालगंज में भी शनिवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। विजिबिलिटी जीरो रही। मधुबनी में भी घना कोहरा छाया रहा। यहां न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मध्य प्रदेश के 11 जिलों में टेंपरेचर 10 डिग्री से रहा। उमरिया सबसे ठंडा शहर रहा, जहां पारा गिरकर 7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। भोपाल, इंदौर और ग्वालियर में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि जबलपुर में 10.8 डिग्री और उज्जैन में 13 डिग्री सेल्सियस रहा। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में मौसम विभाग ने 9 फरवरी से ऊंचे इलाकों में बर्फबारी का अनुमान जताया है। वहीं 10 फरवरी को दोनों ही प्रदेशों में बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

प्रदेश में तापमान बढ़ने से दिन में सर्दी का असर लगभग खत्म हो रहा है। शनिवार को हनुमानगढ़, सिरोही को छोड़कर सभी जिलों में दिन का तापमान 25ए से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। बाड़मेर में लगातार दूसरे दिन तापमान 32.6 डिग्री रहा। बाड़मेर के अलावा पाली, जालोर और जोधपुर में भी तापमान 30 डिग्री का आंकड़ा पार कर गया। प्रदेश में सर्दी फिर से बढ़ गई है। करीब 15 दिन के बाद रात का टेम्परेचर 4 डिग्री से नीचे आ गया है। कटनी, शहडोल और उमरिया सबसे सर्द हैं। कटनी के करौंदी में न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री है, जबकि 13 शहरों में टेम्परेचर 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। मौसम विभाग के मुताबिक 48 घंटे बाद प्रदेश का तापमान 2 से 3 डिग्री बढ़ सकता है। प्रदेश में कोहरे का प्रभाव अब लगभग समाप्त हो चुका है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तेज हवाएं चलने का अनुमान है। हवा की रफ्तार 20'र्त्र से 25'र्त्र तक पहुंच सकती है। मौसम शुष्क बना रहेगा और दिन में धूप खिली रहेगी। तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की बढ़ोतरी होने के आसार हैं।

# फरीदाबाद के सूरजकुंड मेले में झूला गिरा पुलिस इंस्पेक्टर की मौत, 12 घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ फरीदाबाद

हरियाणा के फरीदाबाद में चल रहे सूरजकुंड मेले में शनिवार को एक झूला गिर गया। हादसे में एक पुलिस इंस्पेक्टर की मौत हो गई, जबकि 12 लोग घायल हो गए। घायलों का निजी और बादशाह खान सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बाद मेला ग्राउंड को खाली करा दिया गया। मृतक इंस्पेक्टर की पहचान जगदीश प्रसाद के तौर पर हुई है। वह पलवल जिले के चांदहट थाने के रूस्ड थे। इसी साल 31 मार्च को इनकी रिटायरमेंट थी।

सुनामी झूले पर 18 लोग बैठे हुए थे। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, इसमें झूला ऊपर से नीचे आते हुए गिरता हुआ दिख रहा है। इसके बाद मेले में लोग इधर-उधर भागने लगे। सूरजकुंड थाना पुलिस ने फिलहाल अज्ञात पर मामला दर्ज कर लिया है। आगे की जांच जारी है। रात 10 बजे पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा मेला ग्राउंड में पहुंचे। यहां निरीक्षण करने के बाद उन्होंने सुप्रीम अस्पताल में घायलों का हाल-चाल जाना। उन्होंने कहा- ह्लपूरे मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। अउळ की अध्यक्षता में कमेटी बनाई गई है।ह्व वहीं उट नायब सिंह सैनी ने भी कहा सभी घायलों को बेहतर इलाज उपलब्ध करवाया जा रहा है।

## सलमान खान आरएसएस के कार्यक्रम में पहुंचे

# मुंबई में भागवत बोले- भारत में रहने वाले सभी हिंदू, संघ किसी के खिलाफ नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 साल पूरे होने पर मुंबई में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान भी शामिल हुए। वे फिल्ममेकर सुभाष घई और गीतकार प्रसून जोशी के साथ मंच के सामने बैठे और ष्ठर प्रमुख मोहन भागवत का भाषण सुना।

इस कार्यक्रम में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारत में हिंदू ही है और कोई है ही नहीं। किसी खास रस्म या प्रार्थना से जुड़े धर्म को नहीं दिखाता है, न ही यह किसी खास समुदाय का नाम है।

उन्होंने कहा कि ष्ठर किसी के खिलाफ नहीं है



और न ही उसे सत्ता या पावर की इच्छा है। संघ राजनीति में सीधे तौर पर शामिल नहीं है, हालांकि संघ के कुछ लोग राजनीति में सक्रिय हैं। भागवत ने कहा, बहुत से लोग कहते हैं कि नरेंद्र भाई आरएसएस के प्रधानमंत्री है। उनकी पॉलिटिकल पार्टी बीजेपी अलग है। उसमें बहुत स्वयंसेवक है, लेकिन संघ की नहीं। संघ के स्वयंसेवक उसमें हैं। भागवत ने कहा- भारत का बंटवारा धर्म की वजह से हुआ। हमने कहा कि हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं, क्योंकि हम हिंदू हैं। इस्लाम, ईसाई धर्म अभी भी भारत में मौजूद हैं। झड़पें होती हैं, लेकिन देश एकजुट रहा है। हिंदू भाव को भुला देना भी बंटवारे का कारण बना।

संघ देश में चल रहे सकारात्मक प्रयासों को समर्थन और मजबूती देने पर फोकस करता है। संघ कोई पैरामिलिट्री फोर्स नहीं है। रूट मार्च और स्वयंसेवकों के लाठी अभ्यास के बावजूद ष्ठर को अखाड़ा या सैन्य संगठन के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। हिंदुत्व अपनाने से किसी को कुछ भी छोड़ना नहीं पड़ता। न आपकी पूजा-पद्धति बदलती है, न भाषा, न रहन-सहन। हिंदुत्व का मतलब है सुरक्षा और साथ-साथ रहने का भरोसा। यह किसी एक धर्म को थोपने की बात नहीं करता। लोगों की आस्था, खाने-पीने की आदतें और भाषा अलग हो सकती हैं, लेकिन हम सब एक ही समाज, संस्कृति और देश का हिस्सा हैं। इसी सोच को हिंदुत्व कहा जाता है, आप इसे भारतीयता कह सकते हैं। इसलिए हिंदू-मुस्लिम एकता कहावत सही नहीं है, क्योंकि हम पहले से ही एक हैं।

## बांग्लादेश को 35 साल बाद नया पीएम मिलेगा:

# चुनाव पर भारत-पाक और चीन की नजर, बदल जाएगा साउथ एशिया का पावर बैलेंस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका



बांग्लादेश में 12 फरवरी को संसदीय चुनाव होने जा रहे हैं। पूर्व पीएम शेख हसीना के देश छोड़ने और खालिदा जिया के निधन के बाद यह पहला चुनाव है। 1991 से 2024 तक बांग्लादेश की राजनीति में इन दो नेताओं का दबदबा रहा।

ऐसे में 35 साल बाद देश को नया प्रधानमंत्री मिलेगा। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को इस चुनाव में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं दी गई है। चुनाव आयोग का कहना है कि 2024 में हुए छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसा में पार्टी की भूमिका की वजह से यह फैसला लिया गया है। अल जजीरा के मुताबिक एक्सपर्ट्स का कहना है कि बांग्लादेश के ये चुनाव सिर्फ देश की राजनीति ही नहीं, बल्कि पूरे साउथ एशिया की डिप्लोमेसी और पावर बैलेंस को बदल सकते हैं। इसलिए भारत, पाकिस्तान और चीन भी इन चुनाव पर नजर बनाए हुए हैं।

### हसीना के तख्तापलट के बाद विदेश नीति में बदलाव

बांग्लादेश में अगस्त 2024 से नोबेल विजेता मोहम्मद यूनुस की लीडरशिप में अंतरिम सरकार काम कर रही है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, हसीना के सत्ता से हटने के बाद बांग्लादेश की विदेश नीति में बड़ा बदलाव आया है।

भारत के साथ रिश्ते अब अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं, जबकि पाकिस्तान के साथ संबंध बेहतर हुए हैं और चीन के साथ रणनीतिक रिश्ते और मजबूत हुए हैं।

### भारत-पाकिस्तान और चीन से बदलते बांग्लादेश के रिश्ते

बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के बाद शेख हसीना को सत्ता छोड़नी पड़ी। वे भारत आ गईं, जिससे दोनों देशों में तनाव शुरू हुआ। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले, मंदिर तोड़ने और हिंसा की खबरें आने लगीं, जिस पर भारत ने चिंता जताई। बांग्लादेशी सोशल मीडिया पर 'ग्रेटर बांग्लादेश' के नक्शे और भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को लेकर भड़काऊ बातें फैलीं। मोहम्मद यूनुस ने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को लैंड-लॉक बताया, जिससे विवाद छिड़ा। भारत और बांग्लादेश की बॉर्डर पर इरत्र और इञ्ज के बीच तनाव बढ़ा, तस्करी और बाड़ को लेकर बहस हुई। छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिसके बाद हिंसा फैली और भारत के खिलाफ माहौल बना।

### पाकिस्तान से संबंध बेहतर

दोनों देशों के बड़े नेताओं और अधिकारियों ने आपस में सीधे बात करना शुरू किया, जिससे पुराने तनाव धीरे-धीरे कम होने लगे।

2025 में कराची और चटगांव के बीच कॉर्गो जहाज फिर से चलने लगे, जिससे समुद्री व्यापार आसान हो गया। 2026 की शुरूआत में ढाका और कराची के बीच कई साल बाद सीधी फ्लाइट्स शुरू हुईं। पाकिस्तान और बांग्लादेश ने वीजा के नियम आसान करने पर बात की, खासकर सरकारी काम से आने-जाने वालों के लिए। अंतरराष्ट्रीय बैठकों में पाकिस्तान और बांग्लादेश कई मुद्दों पर एक-दूसरे के साथ खड़े नजर आए, जिससे तालमेल बढ़ा। जैसे क्षेत्रीय संगठनों को दोबारा सक्रिय करने के लिए दोनों देशों ने मिलकर काम करने की इच्छा जताई।

### चीन से और करीबी बढ़ी

2025 में बांग्लादेश के नेताओं और चीन के राष्ट्रपति की मुलाकात हुई, जिसमें रिश्तों को और आगे बढ़ाने पर खुलकर बात हुई।

दोनों देशों ने व्यापार बढ़ाने के लिए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट और निवेश से जुड़े समझौतों पर बातचीत शुरू करने का फैसला किया। चीन ने बांग्लादेश से आने वाले ज्यादातर सामान पर टैक्स नहीं लगाने की सुविधा आगे भी जारी रखने की बात कही। रक्षा के मामले में भी दोनों देश करीब आए और ड्रोन व दूसरी सैन्य तकनीक से जुड़े समझौते किए गए। जलवायु, खेती, तकनीक और डिजिटल विकास जैसे मुद्दों पर चीन और बांग्लादेश ने मिलकर काम करने की इच्छा जताई।

### साउथ एशिया के पावर बैलेंस के लिए अहम बांग्लादेश

बांग्लादेश का आम चुनाव तय करेगा कि देश आगे भारत के करीब रहेगा या पाकिस्तान और चीन की तरफ झुकेगा। इससे साउथ एशिया का पावर बैलेंस बदल सकता है। इसी वजह से इस चुनाव को बेहद अहम माना जा रहा है।

## ट्रम्प ने रूस-यूक्रेन को डेडलाइन दी, कहा- जून तक समझौता करो, जेलेंस्की बोले- जमीन को लेकर विवाद बरकरार



ब्रह्मास्त्र ▸▸ यूक्रेन

अमेरिका ने यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए जून तक की डेडलाइन दी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि अमेरिका दोनों पक्षों पर दबाव डालकर इस समय सीमा तक समझौता करवाना चाहता है। जेलेंस्की के अनुसार, ह्यअगर समय पर समझौता नहीं हुआ तो वे दोनों देशों पर और अधिक दबाव डालेंगे। इसका नतीजा बुरा हो सकता है। ट्रम्प प्रशासन इस मामले में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। जेलेंस्की ने बताया कि अमेरिका ने अगले दौर की त्रिपक्षीय बातचीत को पहली बार अमेरिका में आयोजित करने का सुझाव दिया है। यूक्रेन ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है और अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है।

इससे पहले अबू धाबी में हुई त्रिपक्षीय बैठक में कोई बड़ा समझौता नहीं हो सका था। दोनों पक्ष अपनी-अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। रूस लगातार मांग कर रहा है कि यूक्रेन डोनबास क्षेत्र से अपनी सेना हटा ले, जबकि यूक्रेन इस शर्त को मानने से इनकार कर रहा है। जेलेंस्की ने कहा, डोनबास के मुद्दे पर सवाल अब भी जस के तस हैं। उन्होंने बताया कि सबसे जटिल मुद्दों पर फैसला केवल राष्ट्राध्यक्षों की बैठक में ही हो सकता है। बातचीत में अमेरिका ने डोनबास क्षेत्र को एक मुक्त आर्थिक क्षेत्र बनाने का सुझाव दिया था, लेकिन जेलेंस्की ने कहा कि इस पर दोनों पक्षों के विचार अलग-अलग हैं और इसे लागू करना मुश्किल लगता है। बातचीत में युद्धविराम की निगरानी कैसे की जाए, इस पर भी चर्चा हुई। अमेरिका ने इस प्रक्रिया में अपनी भूमिका निभाने की इच्छा दोबारा जताई है। इसी बीच, रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे पर हमले तेज कर दिए हैं। जेलेंस्की ने बताया कि शनिवार की रात को रूस ने 400 से ज्यादा ड्रोन और लगभग 40 मिसाइलें दागीं, जिनका निशाना बिजली ग्रिड, बिजली उत्पादन केंद्र और नेटवर्क टावर थे।

## उत्तर कोरिया में पड़ोसी देश के टीवी शो देखने पर फांसी की सजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोरिया

उत्तर कोरिया में लोगों को दक्षिण कोरियाई टीवी शो देखने या के-पॉप सुनने पर फांसी की सजा दी जा रही है और लेबर कैंप में भेजा जा रहा है। इसमें स्कूल के बच्चे भी शामिल हैं। यह जानकारी एमनेस्टी इंटरनेशनल ने अपनी एक रिपोर्ट में दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर कोरिया से भागकर आए लोगों ने बताया कि क्रैश लैंडिंग ऑन यू, डिसेंडेंट्स ऑफ द सन और स्क्विड गेम जैसे लोकप्रिय दक्षिण कोरियाई ड्रामा देखने या के-पॉप सुनने पर मौत तक की सजा हो सकती है। जिन लोगों के पास पैसा या अच्छे संपर्क नहीं होते। लोगों ने बताया कि देश में डर का माहौल है और दक्षिण कोरियाई संस्कृति को बड़ा अपराध माना जाता है। वहीं अमीर लोग कई बार अधिकारियों को रिश्वत देकर सजा से बच जाते हैं। एमनेस्टी इंटरनेशनल की डिप्टी रीजनल डायरेक्टर सारा ब्रूक्स ने कहा कि उत्तर कोरिया ऐसे कानून लागू कर रहा है जिनमें एक टीवी शो देखना भी जानलेवा हो सकता है।

# एपस्टीन फाइल्स- अनिल अंबानी की चैट सामने आई दावा- सुनहरे बालों वाली स्वीडिश महिला की पेशकश हुई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन ने जो दस्तावेज जारी किए हैं, उसमें अनिल अंबानी से जुड़े नए खुलासे सामने आए हैं। ये दस्तावेज एपस्टीन और उद्योगपति अनिल अंबानी के बीच 2017 से 2019 के दौरान हुई बातचीत से जुड़े हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इनमें कारोबार, वैश्विक मामलों और महिलाओं को लेकर चर्चा हुई। 9 मार्च 2017 की बातचीत में अनिल ने एपस्टीन से पूछा- क्या सुझाव है?

इस पर एपस्टीन ने लिखा- मुलाकात मजेदार बनाने के लिए लंबी स्वीडिश ब्लॉन्ड महिला बेहतर होगी। इसके बाद अंबानी ने जवाब दिया, इसे अरेंज करो। बातचीत तब की है। यह बातचीत उस समय की है, जब एप्सटीन को पहले ही 2008 में नाबालिगों



से जुड़े यौन आपराध के मामले में सजा मिल चुकी थी। इसके बावजूद एप्सटीन दुनिया के कई प्रभावशाली और ताकतवर लोगों के संपर्क में बना हुआ था।

रिकॉर्ड बताते हैं कि दोनों के बीच पेरिस और न्यूयॉर्क में मिलने की योजना बनीं। मई 2019 में अनिल अंबानी के न्यूयॉर्क दौरे के वक्त एपस्टीन ने उन्हें मैनहैटन स्थित अपने घर बुलाया, जहां दोनों मिले दूसरे ईमेल्स से यह भी पता चलता है कि अंबानी और एपस्टीन के बीच अंतरराष्ट्रीय यात्राओं, बिजनेस मीटिंग्स और वैश्विक मंचों पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर बातचीत हुई थी।

### एपस्टीन ने अंबानी से पूछा- आपकी फेवरेट हीरोइन कौन?

चैट्स में डोनाल्ड ट्रम्प और हॉलीवुड से जुड़े संदर्भ भी हैं। एक बातचीत में एपस्टीन ने पसंदीदा महिला पर सवाल किया, जिस पर अंबानी ने हॉलीवुड अभिनेत्री स्कारलेट जोहानसन का जिक्र किया। तब रिलायंस एंटरटेनमेंट उनकी फिल्म ह्यघोस्ट इन द शेलह्न की सह-निमार्ता थी। इसी अवधि में एपस्टीन ने अंबानी परिवार से जुड़ी किताबें मंगवाई थीं। ब्लूमबर्ग के मुताबिक अनिल अंबानी के प्रतिनिधि ने इस मामले पर किसी टिप्पणी से इनकार किया। अनिल अंबानी अनिल अंबानी रिलायंस एडीए ग्रुप के चेयरमैन हैं। साल 2008 में उनकी संपत्ति करीब 42 अरब डॉलर आंकी गई थी। उस समय फोर्ब्स की अमीरों की सूची में उनका छठा स्थान था। अंबानी के अलावा भी कई भारतीय और भारतीय मूल के सेलिब्रिटी एपस्टीन के संपर्क में थे। इनमें फिल्मकार मीरा नायर, डायरेक्टर अनुराग कश्यप, अभिनेत्री नंदिता दास, वेलनेस गुरु दीपक चोपड़ा का नाम शामिल है।


## रूस की मेडिकल यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में चाकूबाजी, 4 भारतीय छात्रों समेत 6 घायल; 15 साल का आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बश्कोर्तोस्तान

रूस के बश्कोर्तोस्तान रिपब्लिक स्थित उफा शहर की स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में शनिवार को कई छात्रों पर चाकू से हमला हुआ। हमले में चार भारतीय छात्रों समेत कम से कम छह लोग घायल हो गए। भारतीय दूतावास ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताया है।

शुरूआती जानकारी के मुताबिक, एक 15 साल का लड़का हाथ में चाकू लेकर विदेशी छात्रों के हॉस्टल के प्ले हॉल में घुसा और वहां कई छात्रों पर हमला कर दिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने पुलिस पर भी हमला किया, जिसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। गृह मंत्रालय की प्रवक्ता मेजर जनरल इरीना वोल्क के अनुसार, आरोपी ने खुद को भी चोट पहुंचाई है। भारतीय दूतावास ने कहा कि वह स्थानीय प्रशासन के संपर्क में है। कजान स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारी उफा के लिए रवाना हो गए हैं, ताकि घायल छात्रों को मदद दी जा सके। रूसी संघीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, घायलों में से एक की हालत गंभीर है, जबकि तीन की स्थिति स्थिर बताई गई है। हमलावर को गंभीर हालत में स्थानीय बच्चों के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उफा प्रशासन ने घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। टेलीग्राम चैनल बाजा के मुताबिक, आरोपी एक प्रतिबंधित नियो-नाजी संगठन से जुड़ा बताया जा रहा है। दावा किया गया है कि हमले के दौरान वह राष्ट्रवादी नारे लगा रहा था। हालांकि, इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हॉस्टल के अंदर फर्श पर चारों ओर खून फैला हुआ था।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचनशक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-2
26. दया-3

### ऊपर से नीचे

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 2 | | 5 | | 1 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 18 | | 14 | | 4 | | 4 | = | 32 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 10 | | 2 | | 8 | = | 5 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 58 | | 8 | | 23 | | 21 | = | 32 / 14 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | श | सी | ते | ग | थ | हा | दु | र |
| रा | अ | ल | प्र | क्त | ला | व | ना | ज | कां | अं |
| य | म | र्जु | हे | रा | दी | मा | न | य | ग | रू |
| ई | र | य | न | म | या | स | क | त | ज | प |
| प | दा | ह | प्या | दा | तो | हि | दे | गो | र | त |
| ह | स | क | प | स | स | व | व | ण | गो | व |
| द | र | न | न | द्रे | रू | ह | र | गो | विं | द |
| क | र | रा | प | क्श | प | का | र | चो | द | ख |
| र | व | त | य | रा | हो | प | य | अ | सिं | अ |
| क | र | ल | प | र्जु | ज | ता | रे | आ | ह | द |
| क | ह | रि | कि | श | न | चि | त्र | ब | त | म |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |


## रंग भरकर चित्र बनाओ




## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ






# अमेरिका ने पीओके-अक्साई चिन को भारत का हिस्सा दिखाया

## ट्रेड डील के बाद इंडियन मैप शेयर किया; सोशल मीडिया पर वायरल

**भारत और अमेरिका ने शुक्रवार को एक अंतरिम व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क घोषित किया। इस घोषणा के साथ अमेरिकी ट्रेड ऑफिस ने इंडियन मैप शेयर किया। इस मैप में पूरा जम्मू-कश्मीर क्षेत्र, जिसमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (PoK) और अक्साई चिन (चीन के कब्जे वाला इलाका) हैं, उन्हें भारत का हिस्सा दिखाया गया है।**

भारत और अमेरिका ने शुक्रवार को एक अंतरिम व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क घोषित किया। इस घोषणा के साथ अमेरिकी ट्रेड ऑफिस ने इंडियन मैप शेयर किया। इस मैप में पूरा जम्मू-कश्मीर क्षेत्र, जिसमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और अक्साई चिन (चीन के कब्जे वाला इलाका) हैं, उन्हें भारत का हिस्सा दिखाया गया है।

यह नक्शा सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अमेरिका पहले के नक्शों में PoK को अलग से दिखाता था। अंतरराष्ट्रीय मंचों और पश्चिमी देशों के सरकारी नक्शों में भी विवादित हिस्सों को अलग रंग या 'डॉटेड लाइन्स' से दिखाया जाता है। इस बार ट्रम्प प्रशासन ने जानबूझकर या अनजाने में एक ऐसा नक्शा शेयर किया जो भारत की सीमाओं को पूरी तरह मान्यता देता है। भारत हमेशा से जम्मू-कश्मीर को अपना अभिन्न अंग मानता आया है।

## पाकिस्तानी पीएम बोले थे- कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा

**अमेरिका ने यह मैप शेयर कर पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 5 फरवरी को बयान जारी कर कहा था कि कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा। शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान कश्मीरियों के साथ मजबूती से खड़ा है और जम्मू-कश्मीर विवाद का हल कश्मीर के लोगों की इच्छा के मुताबिक होना चाहिए। शहबाज ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विवाद का समाधान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (वटरउ) के प्रस्तावों को लागू करने से ही हो सकता है।**

उन्होंने कहा, ह्यमैं पाकिस्तानी लोगों और पाकिस्तानी नेतृत्व की ओर से कश्मीर के अपने भाइयों के साथ एकजुटता दिखाने आया हूं।ह्न उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने इस क्षेत्र को पाकिस्तान की लाइफ लाइन बताया था।

### शहबाज बोले- कश्मीर का मुद्दा हमारी फॉरेन पॉलिसी की नींव है

शहबाज शरीफ ने कहा कि कश्मीर का मुद्दा पाकिस्तान की फॉरेन पॉलिसी का आधार है। शहबाज ने भारत और पाकिस्तान के बीच मई 2025 में हुए चार दिवसीय सैन्य संघर्ष को भी याद किया। उन्होंने दावा किया कि इस संघर्ष के बाद कश्मीर मुद्दा एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूरी ताकत के साथ उठाया गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भारत अब प्रॉक्सी के जरिए आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। पाकिस्तान, मिलिटेंट ग्रुप बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (इछअ) को भारत का समर्थन मिलने का दावा करता है, जबकि भारत ऐसे आरोपों को हमेशा खारिज करता रहा है।

## PoK को लेकर भारत-पाकिस्तान के बीच लंबे समय से विवाद

भारत और पाकिस्तान के बीच ढ्ढ्नङ्क विवाद जम्मू-कश्मीर क्षेत्र से जुड़ा सबसे पुराना विवाद है। यह 1947 से चला आ रहा है और दोनों देशों के बीच युद्ध, तनाव और कूटनीतिक लड़ाई का कारण बना हुआ है।

### विवाद की शुरूआत

1947: भारत-पाकिस्तान विभाजन- भारत के विभाजन के समय जम्मू-कश्मीर एक रियासत (प्रिंसली स्टेट) थी, जिसके महाराजा हरि सिंह हिंदू थे, लेकिन आबादी में मुस्लिम बहुमत में थे। विभाजन के नियम के अनुसार, रियासतें भारत या पाकिस्तान में शामिल हो सकती थीं या स्वतंत्र रह सकती थीं।

1947-48: पहला भारत-पाकिस्तान युद्ध- पाकिस्तान से आए मिलिशिया ने कश्मीर पर हमला किया। महाराजा हरि सिंह ने मदद के लिए भारत से संपर्क किया और 26 अक्टूबर 1947 को इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्सेशन (विलय पत्र) पर हस्ताक्षर किए, जिससे जम्मू-कश्मीर भारत का हिस्सा बन गया। भारत ने सैन्य मदद भेजी।युद्ध के दौरान पाकिस्तान ने क्षेत्र के पश्चिमी और उत्तरी हिस्से पर कब्जा कर लिया, जिसे अब ढ्ढ्नङ्क कहा जाता है। 1949 में वठ की मध्यस्थता से युद्धविराम हुआ और सीजफायर लाइन (बाद में लाइन ऑफ कंट्रोल) बनाई गई, जो दोनों देशों के नियंत्रण को अलग करती है।

भारत का दावा- भारत कहता है कि पूरा जम्मू-कश्मीर (PoK) उसका अभिन्न अंग है, क्योंकि महाराजा ने भारत में विलय किया था। 2019 में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया। भारत ढ्ढ्नङ्क को अवैध कब्जा मानता है और इसे वापस लेने की बात करता है।

पाकिस्तान का दावा- पाकिस्तान कहता है कि कश्मीर मुस्लिम बहुल क्षेत्र है, इसलिए वह पाकिस्तान का हिस्सा होना चाहिए। पाकिस्तान ढ्ढ्नङ्क को आजाद कश्मीर कहता है और वहां अपनी तरह की सरकार चलाता है। पाकिस्तान वठ के पुराने प्रस्तावों का हवाला देता है, जिसमें कश्मीरियों को जनमत संग्रह का अधिकार देने की बात थी।


## 1962 की जंग के बाद अक्साई चिन पर चीन का कब्जा

**अक्साई चिन विवाद भारत और चीन के बीच सबसे पुराने और सबसे संवेदनशील सीमा विवादों में से एक है। यह क्षेत्र लद्दाख के पूर्वोत्तर हिस्से में स्थित एक ऊंचा, बंजर और ठंडा रेगिस्तानी इलाका है, जो लगभग 38,000 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है।**

अक्साई चिन तिब्बत को शिनजियांग प्रांत से जोड़ने वाला एकमात्र प्रमुख रास्ता प्रदान करता है। चीन ने यहां काराकोरम हाईवे (ऋ219) बनाया है, जो उसकी सैन्य और व्यापारिक गतिविधियों के लिए बेहद जरूरी है। भारत इसे लद्दाख का अभिन्न हिस्सा मानता है और इस पर चीन का अवैध कब्जा मानता है।

इस क्षेत्र को जॉनसन लाइन (1865) के तहत भारत में दिखाया था, लेकिन बाद में मैकार्टनी-मैकडोनाल्ड लाइन (1899) ने इसे चीन के करीब दिखाया। 1947 में भारत के आजाद होने के बाद, जम्मू-कश्मीर के विलय के साथ भारत ने अक्साई चिन को अपना हिस्सा माना। 1950 के दशक में चीन ने चुपके से तिब्बत-शिनजियांग को जोड़ने वाली सड़क बनानी शुरू की, जिसकी जानकारी भारत को 1957-58 में मिली। भारत ने इसका विरोध किया, लेकिन चीन ने इसे अपना क्षेत्र बताया। यह विवाद 1962 के भारत-चीन युद्ध का मुख्य कारण बना। युद्ध के बाद चीन ने लगभग 38,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर नियंत्रण बनाए रखा और लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (छअउ) के रूप में वर्तमान सीमा बनाई गई। 1962 के युद्ध के बाद अक्साई चिन पर चीन का कब्जा बना रहा।

**भारत को इस समझौते से मिलने वाले लाभ-** अमेरिकी टैरिफ में कमी: भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के टैरिफ को 18 प्रतिशत तक घटाया गया है, जिससे भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में बेहतर पहुंच मिलेगी। चुनिंदा उत्पादों पर जीरो टैरिफ: जेनेरिक दवाएं, रत्न और हीरे और विमान पार्ट्स पर पूरी तरह टैरिफ खत्म किया जाएगा, जिससे इन क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।



■ वर्ष-12 अंक-97 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 08 फरवरी, 2026

### सुभाषितानि

**आपदर्थे धनं रक्षेद् दारान् रक्षेद् धनैरपि।**
**आत्मानं सततं रक्षेद् दारैरपि धनैरपि॥**

**भावार्थ** : विपत्ति के समय के लिए धन की रक्षा करनी चाहिए। धन से अधिक रक्षा पत्नी की करनी चाहिए। किन्तु अपनी रक्षा का प्रसन सम्मुख आने पर धन और पत्नी का बलिदान भी करना पड़े तो नहीं चूकना चाहिए।

**माता यस्य गृहे नास्ति भार्या चाप्रियवादिनी।**
**अरण्यं तेन गन्तव्यं यथारण्यं तथा गृहम्॥**

**भावार्थ** : जिसके घर में न माता हो और न स्त्री प्रियवादिनी हो, उसे वन में चले जाना चाहिए क्योंकि उसके लिए घर और वन दोनों समान ही हैं।

## सम्पादकीयम्

### सर्वोच्चन्यायालयस्य हस्तक्षेपस्य अनन्तरं

सर्वोच्चन्यायालयस्य हस्तक्षेपस्य अनन्तरं बङ्गालस्य मतदातारः मतदातासूचौ स्वनाम पुनः पञ्जीकरणे राहतं, सहायता च प्राप्नुयुः। सर्वोच्चन्यायालयस्य आदेशस्य अनन्तरं पश्चिमबङ्गदेशे तार्किकविसंगतियुक्तानां वगीर्कृतानां प्रायः १२.५ मिलियनमतदातृणां नाम सार्वजनिकं भविष्यति। एतत् कदमः कोटिकोटिमतदातानां मतदातासूचौ स्वनाम पुनः पञ्जीकरणं कर्तुं साहाय्यं करिष्यति, तस्मात् तेषां मताधिकारस्य रक्षणं सुनिश्चितं भविष्यति। सर्वोच्च न्यायालय नवीदिल्ली- पश्चिमबङ्गस्य प्रायः 12.5 मिलियनमतदातानां नाम सार्वजनिकं भविष्यति, येषां वर्गीकरणं एसआईआर-मध्ये तार्किकविसंगतिः इति वगीर्कृतम् आसीत्। सर्वोच्चन्यायालयस्य एषः आदेशः कोटिकोटिमतदातानां मतदातासूचौ स्वनाम पुनः पञ्जीकरणे सहायकः भविष्यति। अस्य आदेशस्य उद्देश्यं यत् जनानां मताधिकारस्य सर्वथा रक्षणं करणीयम् इति। बङ्गदेशे विवादः। तार्किकविसंगतिः एकः वर्गः अस्ति यस्मिन् मतदातानां नाम न निष्कासितम्, परन्तु प्रदत्ता सूचना अभिलेखैः सह न मेलति अथवा संशयं जनयति एतादृशेषु सति सम्बन्धितमतदाता स्पष्टीकरणस्य अवसरः दीयते। परन्तु बङ्गदेशे अस्मिन् वर्गे बहूनां जनानां समावेशः विवादं जनयति। टीएमसी आरोपयति यत् निर्वाचनआयोगेन मतदातानां नामानि मसौदे सूचीतः जानीतेव विलोपितानि, एतत् आरोपं आयोगेन अङ्गीकृतम्। लघु वस्तूनि बृहत् भवन्ति।

### सफलः अग्नि-३ परीक्षणः भारतस्य सैन्यशक्तिं वर्धयति

# चीनं पाकिस्तानं च यावत् प्रहार क्षमतायाः सह सामरिकलाभं



ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

ओडिशा-तटस्य समीपे परमाणु-सक्षमस्य अग्नि-३ बैलिस्टिक-क्षेपणास्त्रस्य सफलपरीक्षणं कृत्वा भारतेन पुनः एकवारं सामरिक-रक्षा-क्षमता सुदृढा अभवत्। रक्षासंशोधनविकाससङ्गठनेन संचालितः अयं परीक्षणः भारतस्य परमाणुनिवारणस्य सामरिकसुरक्षामूलसंरचनायाः च महत्त्वपूर्णा उपलब्धिः इति मन्यते। अधिकारिणां मते क्षेपणास्त्रपरीक्षायाः समये सर्वाणि मिशनलक्ष्याणि सफलतया प्राप्तानि, येन भारतस्य दीर्घदूरपर्यन्तं सैन्यक्षमतायां नूतनं प्रवर्धनं प्राप्तम्।

अग्नि-३ इति मध्यवर्ती-परिधि-बैलिस्टिक-क्षेपणास्त्र -वर्गस्य क्षेपणास्त्रं यस्य व्याप्तिः प्रायः ३,००० तः ३,५०० किलोमीर्ट यावत् भवति। एशियादेशस्य अनेकाः सामरिकदृष्ट्या महत्त्वपूर्णाः क्षेत्राः अयं श्रृङ्खला आच्छादयति। विशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् अस्य क्षेपणास्त्रस्य परिनियोजनेन भारतस्य सामरिकसुरक्षानीतिः अधिका सुदृढा भवति, सम्भाव्यधमकीविरुद्धं प्रभावी निवारकं च प्रदाति।

डीआरडीओ-स्रोतानां अनुसारं पूर्वनिर्धारितमापदण्डानुसारं पूर्णतया परीक्षणं कृतम्, क्षेपणास्त्रं च पिनपॉइण्ट्-सटीकतया स्वलक्ष्यं प्रहारितवान् परीक्षणकाले क्षेपणास्त्रस्य उड्डयनं, दिशानियन्त्रणं, लक्ष्यप्रवेशक्षमता, तकनीकीप्रणाली च विस्तरेण मूल्याङ्किताः। अधिकारिणः अवदन् यत परीक्षणस्य परिणामाः अत्यन्तं सन्तोषजनकाः सन्ति तथा च रक्षाप्रौद्योगिक्यां भारतस्य आत्मनिर्भरतायाः प्रमुखः संकेतः अस्ति।

अग्नि-३ क्षेपणास्त्रं ठोस-इन्धनेन चालितं भवति, येन शीघ्र-प्रक्षेपण-क्षमता, उन्नत-स्थिरता च प्राप्यते। अस्य दीर्घता प्रायः १६ मीटर्, भारः च प्रायः ४८ टन इति कथ्यते। क्षेपणास्त्रं चलप्रक्षेपणमञ्चात् अपि प्रक्षेपणं कर्तुं शक्यते, येन तस्य सामरिकं उपयोगिता अधिकं वर्धते। रक्षाविशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् युद्धसदृशेषु परिस्थितिषु क्षेपणास्त्रप्रणालीं सुरक्षितं प्रभावी च स्थापयितुं चलप्रक्षेपणक्षमता महत्त्वपूर्णां भूमिकां निर्वहति। भारतं चिरकालात् स्वस्य अग्नि-क्षेपणास्त्र-श्रृङ्खलायाः माध्यमेन स्वस्य परमाणु-निवारण-क्षमतां सुदृढं कुर्वन् अस्ति। अग्नि-१ तः अग्नि-५ पर्यन्तं विविधपरिधिषु क्षेपणास्त्राः भारतीयरक्षाव्यवस्थायाः भागाः सन्ति। अग्नि-३ अस्मिन् श्रृङ्खले एकः क्षेपणास्त्रः अस्ति, यः मध्यमपरिधिस्य लक्ष्यं सटीकरूपेण प्रहारं कर्तुं समर्थः अस्ति तथा च भारतस्य विश्वसनीय न्यूनतम निवारणम् नीतेः प्रमुखः घटकः इति मन्यते।

### मृणालपाञ्चालः अपि स्वस्य पोस्ट्

# मध्ये स्वीकृतवती यत् अस्य रोगस्य कारणेन तस्याः

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

एतस्य आविष्कारस्य अनन्तरं तस्याः तत्क्षणं शल्यक्रिया कर्तुं सूचितम्। मृणालः व्याख्यातवान् यत् शल्यक्रियायाः निर्णयः तस्याः कृते भावनात्मकरूपेण कठिनः आसीत्, परन्तु तस्याः वैद्यानां सल्लाहेन, स्वपरिवारस्य समर्थनेन च सा पदं स्वीकृतवती।

मृणालपाञ्चालः अपि स्वस्य पोस्ट् मध्ये स्वीकृतवती यत् अस्य रोगस्य कारणेन तस्याः दीर्घकालं यावत् मानसिकतनावः, आत्मसंशयः च अभवत्। सा व्याख्यातवती यत् निरन्तरं व्यायामं आहारं च कृत्वा अपि तस्याः कनिष्ठशरीरे कोऽपि सुधारः न अभवत्, येन सा स्वस्य विषये विषादं अनुभवति स्म सामाजिकमाध्यमेषु जनानां टिप्पणीः तस्याः मानसिकरूपेण अपि प्रभावं कुर्वन्ति स्म। परन्तु यदा सा पुटीविषये ज्ञातवती तदा सा अवगच्छत् यत् समस्या तस्याः प्रयासः नास्ति, अपितु गम्भीरः अन्तर्निहितः स्वास्थ्यस्थितिः एव अस्ति।

स्वस्य अनुभवं साझां कुर्वती सा अवदत् यत् जनाः प्रायः शरीरस्य संकेतान् उपेक्ष्य तान् लघुसमस्या इति निराकुर्वन्ति, ये पश्चात् गम्भीरजटिलतासु परिणतुं शक्नुवन्ति। मृणालः जनान् आग्रहं कृतवान् यत् यदि तेषां शरीरे निरन्तरं वेदना अथवा असामान्यपरिवर्तनं भवति तर्हि तत्क्षणमेव चिकित्सापरामर्शं प्राप्तव्यम्। स्वास्थ्यं कदापि हल्केन न ग्रहीतव्यम्, समये जाँचः अपि महत्त्वपूर्णः इति अपि सा बोधितवती। मृणालपाञ्चालस्य भावुकपदस्य अनन्तरं सामाजिकमाध्यमेषु तस्याः प्रशंसकाः सहकारिणः च तस्याः समर्थनस्य शुभकामनायाश्च वर्षणं कृतवन्तः। अनेके प्रसिद्धाः सामग्रीनिमार्तारः प्रसिद्धाः च तस्याः साहसस्य सकारात्मकदृष्टिकोणस्य च प्रशंसाम् अकरोत्।

### एतादृशेषु प्रकरणेषु प्रायः विभागीय-अनुसन्धानस्य अनन्तरमेव

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

यतः केवलं सीसीटीवी-दृश्यानि, प्रत्यक्षदर्शिनां विवरणानि च एव एतस्य रहस्यस्य समाधानं कर्तुं शक्नुवन्ति वर्तमान समये अस्मिन् प्रकरणे आधिकारिकतया कोऽपि दण्डात्मकः कार्यवाही वा प्राथमिकी वा घोषणा न कृता, परन्तु पीडितायाः पुलिस अधीक्षकस्य कार्यालये प्रवेशः सूचयति यत् स्थानीयस्तरस्य न्यायस्य आशा अल्पा आसीत्। एतादृशेषु प्रकरणेषु प्रायः विभागीय-अनुसन्धानस्य अनन्तरमेव पुलिस-अधिकारिणः प्रमुख-कार्याणि कुर्वन्ति इति विशेषज्ञाः मन्यन्ते। तस्मिन् समये कार्यरताः बघराजी चौकीयां ये पुलिसाधिकारिणः आसन् तेषां भूमिकायाः समीक्षा क्रियते। यावत् अन्वेषणप्रतिवेदनं सार्वजनिकं न भवति तावत् कः उत्तरदायी इति वक्तुं कठिनं भवति, परन्तु एतेन विवादेन कुण्डमक्षेत्रे पुलिस-जनतायाः विश्वासः अवश्यमेव क्षतिग्रस्तः अस्ति।

### राशिफल

**मेष** : आज के दिन खुद का साथ दें और अपने ऊपर भरोसा रखें। दूसरों के हिसाब से नहीं चलना है।

**वृषभ** :किसी के साथ अगर आपको ठीक नहीं लग रहा है, तो आप उससे दूरी बना लें। इसके लिए लड़ाई या बहस करना जरूरी नहीं है।

**मिथुन** : आज अतिरिक्त महसूस करने की जरूरत नहीं है। हर बात तुरंत लोगों से कहने या हर चीज में शामिल होने की जरूरत नहीं।

**कर्क** : आज परिवार के रिश्ते मजबूत होंगे। जोड़ों की सेहत के लिए पोषण पर ध्यान देने से शारीरिक आराम बढ़ेगा।

**सिंह** : आज आप अपने पुराने तौर-तरीके और आदतों को ठीक उस प्रकार छोड़ देंगे, जैसे सांप अपनी पुरानी खाल बदलता है।

**कन्या** : भले ही आपको अनुशासन पसंद है, पर दूसरों और चीजों के प्रति कोमल रवैया अपनाने से ज्यादा फायदा होगा।

**तुला** : आज आपके लिए अच्छी बात यह रहेगी, कि अब आप उस चीज से नहीं भागेंगे, जो आपको परेशान कर रही है।

**वृश्चिक** : जो भी चीजें आपको रोके हुए हैं, उसे छोड़ने का वक्त आ गया है, खराब आदत या झूठे सपने से जुड़ा हुआ हो सकता है।

**धनु** : दूसरे जो आपके बारे में बोल रहे हैं, उनकी बातों पर बिल्कुल ध्यान न दें, आप चुप रहें और ध्यान से देखें कि वे क्या कर रहे हैं।

**मकर** : आज आपको किसी पर गुस्सा करने का मन हो सकता है, लेकिन झगड़ा करने बजाय आप शांत रहेंगे।

**कुंभ** : कई दिनों से आप अपनी बातें दबा रखें हैं, उसे आप ज्यादा सोचने के बजाय, सच में महसूस करते हैं, वह आज कह दीजिए।

**मीन** : आज को यह अनुमति देंगे कि आप कुछ न करें और किसी के भी समस्याओं को ठीक करने की जरूरत न महसूस करें।

## ज्योतिष/वास्तु

# इस साल होली पर 20 मिनट का चंद्र ग्रहण, जानें क्या रहेगा सूतक काल का समय

होली के शुभ अवसर पर चंद्र ग्रहण लगने वाला है। यह भारत में दिखाई देगा। ऐसे में इसका सूतक काल किस समय से मान्य होगा, आइए जानते हैं।

हिंदू धर्म में होलिका दहन को महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। यह तिथि नकारात्मकताओं का नाश और जीवन में नई शुरूआत करने के लिए अत्यंत शुभ है। मान्यता है कि, होली के रंग जीवन में ऊर्जा और खुशियां लेकर आते हैं। इस दिन पूजा-पाठ व दान-दक्षिणा जैसे कार्य करने से जीवन में सुख-सौभाग्य बढ़ता है। इस वर्ष 3 मार्च 2026 को होलिका दहन है। लेकिन इसी दिन साल का पहला चंद्र ग्रहण भी लगने जा रहा है, जो भारत में स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। धार्मिक मान्यताओं और



ज्योतिषीय दृष्टि से यह संयोग अत्यंत प्रभावशाली माना जाता है। ऐसे में होलिका दहन और चंद्र ग्रहण का समय क्या रहेगा, आइए जानते हैं।

**चंद्र ग्रहण 2026** – इस साल 3 मार्च 2026 को चंद्र ग्रहण लगने वाला है। यह इस वर्ष का पहला चंद्र ग्रहण होगा, जिसे भारत में देखा जाएगा। इसका समय शाम 6 बजकर 26 मिनट से लेकर शाम 6 बजकर 46 मिनट तक रहेगा। ग्रहण की कुल अवधि 20 मिनट की रहेगी।

**कब लगेगा सूतक काल** – 3 मार्च 2026 को लगने वाला चंद्र ग्रहण भारत में देखा जाएगा। इसलिए सुबह 9 बजकर 39 मिनट से सूतक काल प्रारंभ होगा, जिसमें नए काम से लेकर पूजा-पाठ करना वर्जित होगा।

**कहां-कहां नजर आएगा चंद्र ग्रहण**– होली पर लगने वाला चंद्र ग्रहण एक आंशिक (खण्डग्रास) होगा, जिसे भारत से लेकर यूरोप, उत्तरी अमेरिका, दक्षिणी अमेरिका, एशिया, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका तक नजर आएगा।

**होलिका दहन 2026**– इस बार फाल्गुन पूर्णिमा तिथि की शुरूआत 2 मार्च को शाम 5 बजकर 55 मिनट पर होगी और समापन अगले दिन 3 मार्च को शाम 5 बजकर 7 मिनट होगा। इसलिए 3 मार्च 2026 को होलिका दहन और 4 मार्च को रंगों की होली खेली जाएगी।

## खबर एक नजर...

### फुटेज दिखाने पर तोड़ी बाइक, फोड़े खिड़की के कांच

**उज्जैन।** अतिरिक्त विश्वबैंक कालोनी में 4 फरवरी को ब्रजनगर में रहने वाले लखन कछावा अपने साथी जीतू यादव के साथ खड़ा था। उस दौरान रोहन पटेल, सुरेश पटेल से विवाद हो गया था। विवाद वहां लगे विपिन चौहान के घर पर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था। लखन 2 दिन बाद विपिन के घर कैमरे के सीसीटीवी फुटेज देखने पहुंचा, इस दौरान पूर्व में विवाद करने वाले रोहन पटेल, सुरेश पटेल, अभिषेक उर्फ भय्यू और लालू मुनिम भी पहुंच गये और विपिन से फुटेज दिखाने की बात पर विवाद करते हुए उसकी बाइक क्रमांक एमपी 41 एमए 7463 में तोड़फोड़ करते हुए पथराव कर खिड़की के कांच फोड़ दिये। चारों आरोपियों ने विपिन को जान से मारने की धमकी दी। लखन को फुटेज दिखाने पर अपने घर हुई घटना की शिकायत विपिन ने चिमनगंज थाने पहुंचकर की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। आरोपियों के खिलाफ पूर्व में लखन भी मारपीट की शिकायत दर्ज करा चुका था।

### जहरीला पदार्थ खाने वाले युवक की हालत गंभीर

**उज्जैन।** पानबिहार से सचिन पिता गोरधन 23 साल को शनिवार शाम परिजन उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। सचिन ने जहरीला पदार्थ खाया था, जिसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने भर्ती किया। सचिन ने जहरीला पदार्थ क्यों खाया इस संबंध में परिवार कुछ बता पाने की स्थिति में नहीं था। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी गई।

### कार सवारों ने खिलचीपुर पुलिया के पास युवक को पीटा

**उज्जैन।** आगररोड पर खिलचीपुर पुलिया के पास कमल कालोनी में रहने वाला योगेश उर्फ भोला पिता रामसिंह ठाकुर अपने दोस्त का इंतजार कर रहा था। उसी दौरान लाल रंग की कार में चालक और उसके 2 साथियों ने कार रोक योगेश के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। अज्ञात कार चालकों द्वारा की गई मारपीट में चोंट लगने पर योगेश ने चिमनगंज थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और बताया कि वह मारपीट करने वालों को नहीं पहचानता है, उसका किसी से कोई विवाद भी नहीं है। पुलिस ने कार सवारों की क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे देखकर पहचान के प्रयास शुरू किये है। उनके गिरफ्त में आने पर ही मारपीट का कारण सामने आ पायेगा।

### ठक-ठक गैंग के बदमाश से महाकाल पुलिस करेगी पूछताछ

**उज्जैन।** कारों के कांच फोड़कर रूपयों और कीमती सामान के बेग उड़ाने वाली ठक-ठक गैंग के बदमाश कार्तिकेय शेरवे को केन्द्रीय जेल से महाकाल थाना पुलिस प्रोटेक्शन वारंट पर 2 दिन बाद पूछताछ के लिये लेकर आयेगी। पूर्व में बदमाश के साथी नित्यानंथम को प्रोटेक्शन रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा चुकी है। दोनों ने हरसिद्धी पाल पार्किंग में खड़ी पूणे के श्रद्धालु की कार का कांच फोड़कर बेग उड़ाया था। जिसमें हजारों रुपए नगद और मोबाइल के साथ कपड़े और कीमती सामान रखा था। कार्तिकेय को नानाखेड़ा थाना पुलिस ने गैंग के आदिथन शेरवे, करवनन, शशिकुमार, नित्यानंथम, किरण और हरीश के साथ गिरफ्तार किया था। पूरी गैंग तमिलनाडू के चिरूचिरापल्ली से दिसंबर माह में उज्जैन आई थी और नानाखेड़ा, महाकाल, माधवनगर थाना क्षेत्र में कारों के कांच फोड़कर बेग उड़ाये थे। नानाखेड़ा से गैंग ने प्रापर्टी कारोबारी की कार से 20 लाख से भरा बेग उड़ा था। गैंग श्रद्धालु बनकर आई थी और महाकाल क्षेत्र की होटल में रूककर वारदातों को अंजाम दिया था।

### लुटेरी दुल्हन गिरोह का सरगना 9 दिनों से फरार चल रहा था

# हिरासत में आया लुटेरी दुल्हन गिरोह का सरगना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लुटेरी दुल्हन गिरोह का सरगना 9 दिनों से फरार चल रहा था। शनिवार को उसे ग्राम उमराना से गिरफ्तार किया गया है। दुल्हन के साथ गिरोह के 2 साथी पूर्व में पकड़े जा चुके थे। गिरोह के सरगना को रविवार दोपहर कोर्ट में पेश किया जायेगा।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि 29 जनवरी को ग्राम मसवाडिया के रहने वाले दिलीप धानुक ने शादी के 10 दिन बाद घर से भाग रही दुल्हन को पीछा कर पकड़ा था और उसके गिरोह की शिकायत दर्ज कराई थी। दुल्हन पायल क्षारिया निवासी भोपाल को हिरासत में लेकर उसके गिरोह में शामिल मुकेश पिता भेराजी निवासी ग्राम सरवना और जुनैद उर्फ अमन खान निवासी सुजानगढ़ राजस्थान को गिरफ्तार किया था। पूरे गिरोह का सरगना लखन पिता सीताराम निवासी ग्राम उमराना थाना बिरलाग्राम सामने आया था, जो दुल्हन और उसके साथियों के गिरफ्त में आने पर फरार हो गया था। 9 दिनों से उसकी



तलाश में एएसआई वरसिंह चरपोटा, प्रधान आरक्षक परमिंदर यादव, राकेश मालवीय, राहुल अटोलिया, पुष्पराजसिंह की टीम लगी हुई थी। शनिवार को खबर मिली कि गिरोह का फरार सरगना लखन अपने गांव आया हुआ है। तत्काल भाटपचलाना से टीम बिरलाग्राम उमराना पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को उसके घर से हिरासत में लिया गया। जिसे भाटपचलाना लाया गया है। जहां पूछताछ कर पता लगाया जा रहा है कि उसके द्वारा पायल को लुटेरी दुल्हन बनाकर कितनों लोगों के साथ धोखाधड़ी की है। थाना प्रभारी के अनुसार रविवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड मांगा जायेगा। संभावना है कि उसके गिरोह द्वारा की गई अन्य धोखाधड़ी भी उजागर हो सकती है।

#### दिलीप के परिवार ने दिये थे 90 हजार

लुटेरी दुल्हन गिरोह की शिकायत दर्ज कराने वाले दिलीप ने बताया था कि उसकी शादी के लिये परिवार लड़की तलाश कर रहा था। जनवरी माह में रिश्ते में लगने वाले जीजा मुकेश ने लखन से मिलवाया और शादी के लिये लड़की दिखाई। लड़की पायल गरीब परिवार की होने पर शादी के लिये 1.40 लाख मांगे गये। परिवार ने 90 हजार रुपए दिये और 19 जनवरी को ग्राम गजनीखेड़ी मंदिर में शादी कराई गई। शेष राशि 50 हजार नहीं मिलने पर पायल शादी के दूसरे दिन से मांग करने लगी थी। 10 दिन बाद उसने मुकेश को बुलाकर रात में भागने का प्रयास किया था।

# बंदर ने हमला कर वृद्धा का पैर किया लहूलुहान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बाजार से घर लौट रही वृद्धा पर शनिवार शाम बंदर ने हमला कर दिया। पैर में गहरा जख्म होने पर वृद्धा को चरक अस्पताल लाया गया। बंदर ने 2 अन्य महिलाओं को घायल करने का प्रयास किया, लेकिन वह बच गई।

मामला बड़नगर तहसील के नयापुरा का है। 65 साल की नीराबाई पति शंकरलाल अकेली बाजार खरीददारी करने गई थी। शाम को वापस पैदल लौट रही थी, उसी दौरान घर से कुछ दूरी पर अचानक बंदर ने हमला कर दिया। नारीबाई गिर पड़ी, बदंर ने दांतों से उनका पैर पकड़ लिया, जिसके चलते पैर लहूलुहान हो गया। कुछ लोगों ने वृद्धा को बचाने का प्रयास किया तो बंदर ने वहां से 2 अन्य




महिलाओं पर झपटा मारा, वह घायल तो नहीं हुई लेकिन गिरने पर दहशत में आ गई। घायल नीराबाई के परिजनों बंदर के हमले की खबर मिली तो वह मौके पर पहुंचे और बड़नगर अस्पताल लेकर गये, जहां से उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया और रेबिज वैक्सीन को डोज दिया।

# चौड़ीकरण के विरोध में लगे पोस्टर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर में चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य में अब गाड़ी अड्डा से ढांचा भवन होते हुए रणकेश्वर मंदिर मार्ग तक चौड़ीकरण किया जायेगा। एमआर-4 मार्ग पर चौड़ीकरण से प्रभावित होने वालों ने विरोध स्वरूप पोस्टर लगा दिये है।

एमआर-4 मार्ग पर शनिवार को पोस्टर लगे दिखाई दिये। जिस पर लिखा था हम विकास के नहीं विनाश के खिलाफ है। हम सब व्यापारी और रहवासीगण 24 मीटर की जगह 15 मीटर का समर्थन करते है। बताया जा रहा है कि नगर पालिका निगम की ओर से उज्जैन विकास योजना 2035 मध्यप्रदेश शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग की अधिसूचना में रहवासियों को नोटिस जारी किये है। जिसमें बताया गया है कि गाड़ी अड्डा चौराहा से ढांचा भवन होते हुए रणकेश्वर महादेव मंदिर एम आर-4 मार्ग को 24 मीटर चौड़ा किया जाना है। मार्ग का मानक 45 मीटर




निर्धारित किया गया है। उक्त मार्ग को व्यापक लोकहित को दृष्टिगत रखते हुए और यातायात सुधार की दृष्टि से वर्तमान में 24 मीटर चौड़ा किया जायेगा। चौडीकरण में प्रभावित भाग को 7 दिनों में रिक्त कर देवें। निर्धारित अवधि में रिक्त ना करने की दशा में विधि अनुसार कार्रवाई कर भूमि के भाग को नगर निगम द्वारा रिक्त कराया जायेगा। नोटिस जारी होने के बाद रहवासियों ने अपनी दुकानों और घरों के बाहर पोस्टर लगा दिये है। उनकी मांग है कि मार्ग को 24 नहीं 15 मीटर चौड़ा किया जाये। शहर में मार्ग चौड़ीकरण को लेकर हर तरफ से विरोध के स्वर उठते रहे है। पूर्व में कंठाल क्षेत्र के व्यापारियों ने पोस्टर लगाये थे, वहीं हरिफाटक ब्रिज के नीचे रविशंकर नगर के रहवासियों ने भी पोस्टर लगाकर विरोध किया था। अन्य मार्गो पर ही विरोध प्रदर्शन देखा जा चुका है।

### अपराध नियंत्रण अभियान में जारी हुआ जिलाबदर आदेश

# छह माह तक संभाग की सीमा से बाहर रहेंगे 11 बदमाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आगामी त्यौहारों पर कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिये पुलिस विभाग की ओर से गुंडे-बदमाशों के खिलाफ सतत निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान में शनिवार को 11 आदतन बदमाशों को संभाग की सीमा से छह माह के लिये (जिलाबदर) बाहर किये जाने के आदेश जारी किये गये।

एसपी प्रदीप शर्मा के निर्देश पर पिछले कुछ माह से आदतन, कुख्यात, शांति भंग करने वाले बदमाशों की निगरानी कर जिले की पुलिस द्वारा उसकी अपराधिक गतिविधियों की फाइल




तैयार की जा रही है, ताकि कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिये जिले को अपराध मुक्त बनाया जा सके। पुलिस द्वारा चलाये जा रहे विशेष अपराध नियंत्रण अभियान में 11 ऐसे बदमाशों का चिन्हित किया गया जो लगातार अपराधिक गतिविधियों में शामिल है। जिनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए उन्हे संभाग की सीमा से बाहर किये जाने के लिये कलेक्टर की ओर से जिलाबदर आदेश जारी कराये गये है। बदमाशों में छोटू उर्फ यादवेन्द्र उर्फ यश पिता जीतू उर्फ जितेन्द्र बुंदेला निवासी शिवशक्तिनगर उज्जैन, अकबर, पिता मोहम्मद हनीफ नागौरी निवासी टेंशन चौराहा महिदपुर, भरत उर्फ भरी पिता राजू गेहलोत किशनपुरा, उज्जैन, दिलीप, पिता रमेश बागड़िया निवासी घट्टिया, रोहित उर्फ टल्ला पिता अशरफ शाह उर्फ राजा शाह निवासी जयसिंहपुरा उज्जैन, कालू उर्फ हैदर उर्फ रितेश पिता हेमराज बैरवा निवासी हीरामिल की चाल उज्जैन, मयूर उर्फ मदनूर, पिता शरद व्यास, निवासी अभिलाषा कॉलोनी उज्जैन, शूरा उर्फ आफिल उर्फ आतिल पिता शफीक खान निवासी गांधी नगर आगर रोड उज्जैन, दरवर पिता रतनलाल निवासी रसूलपुर मोहल्ला महिदपुर, मोहसिन पिता फखर मंसूरी निवासी मक्सी रोड और भूरा उर्फ भूरालाल पिता रामलाल मावी निवासी ग्राम रुनिजा शामिल है। पुलिस सभी से जिलाबदर आदेश की तामिली कराकर उन्हे सीमा से बाहर भेजते हुए हिदायत देगी कि उज्जैन, देवास, इंदौर, रतलाम, शाजापुर, मंदसौर, धार और आगर मालवा की सीमाओं में प्रवेश किया तो राज्य सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की जायेगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com